दैनिक
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 10 अंक : 133 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 05 जून, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 2 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

*उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पर्यटन समीक्षा बैठक*

## पर्यटन स्थलों का ऐसा विकास कराए कि दुनिया हो जाए आश्चर्यचकित : दिया कुमारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उपमुख्यमंत्री व पर्यटन मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में बुधवार को जयपुर स्थित पर्यटन भवन में पर्यटन विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें राजस्थान के पर्यटन, विरासत संरक्षण और बुनियादी ढांचे के व्यापक विकास के बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में पर्यटन सचिव रवि जैन सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में पर्यटन स्थलों, स्मारकों, संग्रहालयों और धार्मिक स्थलों का ऐसा निर्माण और विकास किया जाए कि उन्हें देखकर पूरी दुनिया आश्चर्यचकित हो जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप आधुनिक संग्रहालयों और भव्य प्रतिमाओं का निर्माण किये जाने की दिशा में अग्रसर होना चाहिए।

### राजस्थान को झुंझुनू में मिलेगा वार म्यूजियम

बैठक में झुंझुनूं में 'वार म्यूजियम' स्थापित करने पर चर्चा की गई। इस संग्रहालय में राजस्थान के वीर सैनिकों की शौर्य गाथाएं, युद्ध कौशल और ऐतिहासिक युद्धों से जुड़ी सामग्री प्रदर्शित की जाएगी। योजना की डीपीआर इस क्षेत्र की विशेषज्ञ एजेंसी से तैयार कराने के निर्देश दिए।



### अल्बर्ट हॉल बनेगा 'स्मार्ट म्यूजियम'

जयपुर का ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल संग्रहालय अब एक स्मार्ट म्यूजियम के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके तहत डिजिटल लाइट एंड साउंड शो, इंटरैक्टिव डिस्प्ले, वर्चुअल रियलिटी और एआर तकनीक जैसे आधुनिक फीचर्स जोड़े जाएंगे। इससे संग्रहालय की वैश्विक स्तर पर पहचान बनेगी।

### राजस्थान के म्यूजियम होंगे डिजिटल और हाईटेक

प्रदेश के संग्रहालयों और किलों के डिजिटलीकरण की योजना को भी मंजूरी दी गई। 25 करोड़ रुपये की लागत से ₹ आधारित अपग्रेडेशन, RFID टैगिंग, और वर्चुअल टूर सिस्टम लागू किए जाएंगे। पहले चरण में छह माह में कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

### एडवेंचर पॉलिसी और रोड शो की योजना

पर्यटन मंत्री ने निर्देश दिए कि एडवेंचर पॉलिसी की रूप रेखा को इसी जून माह में अंतिम रूप दिया जाए। साथ ही राजस्थान पर्यटन को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शोकेस करने के लिए रोड शो आयोजित करने की संभावनाएं तलाशने को कहा।

### जल संरक्षण और विरासत संरक्षण पर विशेष ध्यान

राजस्थान की पारंपरिक बावड़ियों के जीर्णोद्धार को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विशेषज्ञ कंसल्टेंट्स की राय लेकर इन संरचनाओं का संरक्षण किया जाए ताकि जल संरक्षण की सदियों पुरानी परंपरा और लोक संस्कृति का संवर्धन हो सके

### जल महल, आमेर और शेखावाटी में होंगे कार्य

जल महल की पाल और रेलिंग के नवीनीकरण, आमेर में लाइट एंड साउंड शो की प्रगति, और शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण पर भी बैठक में दिशा-निर्देश जारी किए गए। वहीं, जमवाय माता मंदिर, खाटू श्याम जी, और मालासेरी डूंगरी के विकास कार्यों की टेंडर प्रक्रिया की वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया।

### महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट और ट्राइबल टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा

बैठक में महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट को भव्य रूप से विकसित करने, युद्ध संग्रहालय - झुंझुनूं, और संग्राहलयों के नवाचार पर भी चर्चा हुई। वहीं, ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट के तहत डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ व उदयपुर जिलों में आदि वासी जीवन शैली को शो केस करते हुए शिल्पग्राम और जनजातीय संग्रहालय के विकास से आदिवासी युवाओं को रोजगार देने आधार बनाकर डीपीआर बनाने के निर्देश दिए गए।

### पुष्कर के लिए 100 करोड़ की विकास योजना

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुष्कर की विकास योजना की पीपीटी प्रस्तुत की गई। इसमें मूल स्वरुप का ध्यान रखते हुए आवश्यक आधारभूत विकास कार्यों को प्राथमिकता से लिया जाकर शीघ्र डीपीआर प्रस्तुत करने के अजमेर विकास प्राधिकरण के अधिकारियो को निर्देश दिए गए । ब्रहमा मंदिर कोरिडोर, घाटों का जीर्णोद्धार, थीम पार्क में लेज़र शो, डिजिटल गाइडिंग सिस्टम, सावित्री वाटिका, और ब्रहमा से वराहा चौक तक कॉरिडोर निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पुष्कर मेला ग्राउंड का समुचित विकास भी योजना में सम्मिलित किया जाए।

## संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक



जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** संसद के मानसून सत्र की तारीखें घोषित हो गईं हैं। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि 21 जुलाई से 12 अगस्त तक संसद का मानसून सत्र आयोजित किया जाएगा। विपक्ष की ओर से ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले को लेकर लगातार की जा रही संसद के विशेष सत्र की मांग के बीच सरकार ने यह एलान किया है। संसद के मानसून सत्र में बीमा संशोधन विधेयक पेश किया जा सकता है। विधेयक में बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने की तैयारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विधेयक का मसौदा तैयार है और इसे जल्द ही मंजूरी के लिए कैबिनेट के सामने पेश किया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग विधेयक को संसद में पेश करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। इससे पहले संसद का बजट सत्र दो हिस्सों में आयोजित किया गया था। पहला सत्र 31 जनवरी को शुरू हुआ और 13 फरवरी तक चला। संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च को शुरू हुआ और चार अप्रैल को समाप्त हुआ था। बजट सत्र में राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया था कि सदन की अब तक की सबसे लंबी बैठक गुरुवार तीन अप्रैल को हुई थी। यह तीन अप्रैल को सुबह 11 बजे शुरू हुई और चार अप्रैल को सुबह 4.02 बजे तक चली। ऊपरी सदन में रिकॉर्ड 49 निजी सदस्यों के विधेयक भी पेश किए गए। कुल मिलाकर सदन ने कुल 159 घंटे काम किया, जिसमें आधी रात के बाद 4 घंटे से अधिक समय शामिल है। इस सत्र की उत्पादकता 119 प्रतिशत रही। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया था कि संसद के निचले सदन में 26 बैठकें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि कुल उत्पादकता लगभग 118 प्रतिशत रही। उन्होंने बताया कि बजट सत्र के दौरान 10 सरकारी विधेयक पेश किए गए। वक्फ संशोधन विधेयक और मुस्लिम वक्फ (निरसन) विधेयक सहित 16 विधेयक पारित किए गए।

## डॉ. सतीश पूनिया ने सोनीपत में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जयपुर टाइम्स







**नई दिल्ली(एजेंसी)।।** केंद्र की लोककल्याण कारी मोदी सरकार के 11 साल के सुशासन के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यशाला में सोनीपत (हरियाणा) में सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों व प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में 'संकल्प से सिद्ध' के लक्ष्य के प्रति संकल्पित होकर देश के सभी वर्गों के उत्थान लिए चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं को मजबूती से घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया। मोदी सरकार के 11 साल-संकल्प से सिद्धि तक' कार्यक्रम के तहत भाजपा हरियाणा संगठन प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने सोनीपत जिला भाजपा कार्यालय परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कार्यकर्ताओं से 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम को समस्त हरियाणा में ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। कार्यशाला में भाजपा हरियाणा संगठन प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां, हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली, प्रदेश संगठन महामंत्री फनीन्द्रनाथ शर्मा, हरियाणा सरकार में मंत्री राजेश नागर, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, पूर्व मंत्री विशम्बर वाल्मीकि, लोकसभा संयोजक सतीश नांदल, सोनीपत मेयर राजीव जैन, विधायक निखिल मदान, विधायक पवन खरखौदा, विधायक देवेंद्र अत्री, सोनीपत जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, जींद जिला अध्यक्ष तेजेन्द्र ढुल, गोहाना जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक इत्यादि सहित सोनीपत, जींद और गोहाना के पदाधिकारी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

**पाकिस्तान की झूठी दरियादिली :**

## भारत और पाकिस्तान मिलकर कर सकते हैं आतंकवाद का खात्मा

जयपुर टाइम्स

**इस्लामाबाद(एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवादियों के जनाजे पर आंसू बहा रहा पाकिस्तान अब दक्षिण एशिया से आतंकवाद को खत्म करने के लिए भारत-पाकिस्तान खुफिया सहयोग की दुहाई दे रहा है। अमेरिका दौरे पर गए पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) अध्यक्ष और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी का कहना है कि अगर दोनों देशों की खुफिया एजेंसियां मिलकर काम करें तो आतंकवाद को काफी हद तक कम किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, बिलावल भुट्टो इन दिनों अमेरिका के दौरे पर हैं। वह भारत के साथ हालिया संघर्ष के बाद समर्थन प्राप्त करने के लिए वैश्विक कूटनीतिक प्रयास के हिस्से के रूप में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बिलावल भुट्टो ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि अगर आईएसआई और रॉ इन ताकतों से लड़ने के लिए एक साथ बैठकर काम करने के लिए तैयार हों, तो भारत और पाकिस्तान में आतंकवाद में उल्लेखनीय कमी आ सकती है। बिलावल ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से दक्षिण एशिया में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने चेतावनी दी कि हाल ही में हुए संघर्ष विराम के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष का जोखिम कम नहीं हुआ है, बल्कि बढ़ गया है। बिलावल भुट्टो ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के हस्तक्षेप और खासकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व विदेश मंत्री मार्को रुबियो की कोशिशों से भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि यह एक स्वागत योग्य है, लेकिन यह सिर्फ पहला



कदम है और आगे बातचीत जरूरी है। बिलावल भुट्टो ने कहा कि शांति का रास्ता सिर्फ बातचीत और कूटनीति से ही निकलेगा। उन्होंने आंतकवाद से निपटने के लिए भारत के साथ बातचीत के लिए पाकिस्तान की इच्छा को दोहराया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से निपटने के लिए पाकिस्तान अब भी भारत के साथ सहयोग करना चाहेगा। हम एक बड़ी आबादी का भाग्य आतंकवादियों के हाथों में नहीं छोड़ सकते। उन्होंने कहा कि ये फैसला आतंकवादी नहीं कर सकते कि भारत और पाकिस्तान कब लड़ेंगे। पीपीपी नेता भुट्टो ने यह भी कहा कि भारत में किसी भी आतंकी हमले के लिए सीधे पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराना अस्वीकार्य है। उन्होंने एक ऐसा मंच बनाने का प्रस्ताव रखा, जहां दोनों देश शिकायतें दर्ज करें, आतंकी घटनाओं की संयुक्त रूप से जांच करें और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम कर सकें। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से सिंधु जल संधि को निलंबित करने के कदम पर भी पाकिस्तान का रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि यह पानी को हथियार बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि 200 मिलियन लोगों की पानी की आपूर्ति को काटने की धमकी देना संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन है।

## सेना का अपमान करने पर राहुल गांधी को इलाहाबाद हाई कोर्ट की फटकार

जयपुर टाइम्स

**लखनऊ(एजेंसी)।।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा है कि बोलने की आजादी की कुछ सीमाएं होती हैं। सेना का अपमान नहीं किया जा सकता। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारतीय सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर नाराजगी जताई है। कोर्ट की एक सदस्यीय बेंच ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी की गारंटी देता है। लेकिन, इस पर कुछ जरूरी पाबंदियां भी हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि अनुच्छेद 19 (1) (ए) उन बयानों पर लागू नहीं होता जो 'भारतीय सेना के लिए मानहानिकारक' हैं। इसका मतलब है कि आप बोलने की आजादी के नाम पर सेना के बारे में कुछ भी गलत नहीं बोल सकते। लाइवलॉ के अनुसार, इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने सुनवाई के दौरान कहा, 'इसमें कोई शक नहीं है कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी की गारंटी देता है। लेकिन, यह आजादी कुछ जरूरी पाबंदियों के साथ आती है। इसमें ऐसे बयान देने की आजादी शामिल नहीं



है, जो किसी व्यक्ति या भारतीय सेना के लिए मानहानिकारक हों। इसके साथ ही अदालत ने राहुल गांधी की याचिका को खारिज कर दिया है। राहुल गांधी ने निचली अदालत के समन को चुनौती दी थी। यह समन भारतीय सेना के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी के मामले में जारी किया गया था। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने अपने आदेश में कहा कि विस्तृत फैसला अगले हफ्ते आएगा। सरकार के वकीलों ने कहा कि राहुल की याचिका कानूनी रूप से सही नहीं है। क्योंकि, उनके पास सेशन कोर्ट में अपील करने का विकल्प है। वकीलों ने यह भी कहा कि शिकायत और गवाहों के बयानों के आधार पर पहली नजर में मामला बनता है। मतलब, ऐसा लगता है कि राहुल गांधी ने कुछ गलत किया है। जबकि राहुल के वकील, प्रांशु अग्रवाल ने कहा कि शिकायत राजनीतिक रूप से प्रेरित है और इसमें कोई दम नहीं है। यह मामला उदय शंकर श्रीवास्तव की शिकायत से जुड़ा है।

*मुख्यमंत्री भजनलाल रामगढ़ बांध में करेंगे श्रमदान*

## वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान का शुभारंभ आज

### मंत्रियों को प्रभार वाले जिलों में जाने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान में भू-जल स्तर को बढ़ाने और जल संरक्षण के उद्देश्य के लिए गुरुवार को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की शुरुआत होगी। सीएम भजनलाल शर्मा रामगढ़ बांध (जमवारामगढ़) पर मोरी के निकट गोपालगढ़ गांव में श्रमदान करके अभियान का शुभारंभ करेंगे। विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा के मौके पर शुरू होने वाला अभियान 20 जून तक चलेगा। अभियान के तहत प्रदेश के जल स्रोतों, नदियों, जलधाराओं एवं तालाबों पर जल पूजन, कलश यात्रा, जागरूकता कार्यक्रम व



स्वच्छता अभियान, जल संग्रहण संरचनाओं का लोकार्पण और नई संरचनाओं के शिलान्यास जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान को लेकर मुख्यमंत्री ने सभी प्रभारी मंत्रियों को अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में आयोजित पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संग्रहण और स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रमों में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के तहत जयपुर में एंडिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन थीम पर मैराथन का आयोजन किया गया।

### *चुनरी महोत्सव और दीपदान में भी सीएम रहेंगे मौजूद*

*वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत सुबह 8 बजे सीएम भजनलाल शर्मा जयपुर के रामगढ़ बांध (जमवारामगढ़) पर मोरी के निकट गोपालगढ़ गांव में श्रमदान करेंगे और अमृतम जलम अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करेंगे। दोपहर में मुख्यमंत्री बूंदी के गोहाटा पहुंचकर रामजल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना) के अंतर्गत निर्मित होने वाले एक्वाडक्ट का निरीक्षण करेंगे। यहां से मुख्यमंत्री केशोरायपाटन (बूंदी) में चंबल घाट कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। जहां वे पूजन (गंगा लहरी), चुनरी महोत्सव और कलश यात्रा में शिरकत करेंगे। शाम को मुख्यमंत्री भरतपुर पहुंचेंगे। जहां वे गंगा मंदिर में विशेष पूजा व महाभोग, कलश यात्रा, प्रसाद व गंगाजल वितरण और तुलसी पौधा वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होगें। इसके बाद मुख्यमंत्री मंशा माता मन्दिर के पास सुजानगंगा में दीपदान भी करेंगे।*

### *जयपुर में 1 हजार 778 कार्यों का लोकार्पण*

*अभियान के अवसर पर जयपुर जिले में ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग, वन विभाग, जल संसाधन एवं अन्य विभागों के 56.49 करोड़ की लागत के 1,778 कार्यों का लोकार्पण व अवलोकन किया जाएगा। शहरी क्षेत्र में गलता तीर्थ, जग्गा की बावडी, खनिया की बावड़ी एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर श्रमदान, पौधारोपण और साफ सफाई का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागों के करीब 99 करोड़ के कुल 1 हजार 949 कार्यों का शुभारंभ एवं शिलान्यास किया जाएगा। अभियान के तहत 1 हजार 500 राजस्व गांवों में पौधारोपण के कार्य भी किया जाएंगे।*

## श्री अग्रवाल महासभा की नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण समारोह आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री अग्रवाल महासभा, अलवर की सत्र 2025-27 के लिए नव निर्वाचित पदाधिकारियों अध्यक्ष अतुल किशोर गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशन कुमार गर्ग, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार गोयल, मंत्री विजय कुमार अग्रवाल, उपमंत्री महेश गोयल, लेखाकार जितेन्द्र गर्ग, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ गोयल व प्रचार मंत्री नरेश गोयल को दिनांक 5 जून को प्रातः 10 बजे शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम श्री अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित किया जावेगा। इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में के.के. अग्रवाल, अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, अलवर, व विशिष्ठ अतिथियों में प्रेम चन्द गोयल विशिष्ठ समाज सेवी व जी.डी. बंसल, वरिष्ठ अधिवक्ता राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर एवं हुकुम चन्द गर्ग, जिलाध्यक्ष अलवर जिला अग्रवाल संस्थान, अलवर रहेगे।

## राजकीय बाल संप्रेषण गृह परिसर में किया वृक्षारोपण



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजकीय बाल संप्रेषण गृह परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का आयोजन बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष रेनू गुप्ता के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मोहनलाल सोनी किशोर न्याय बोर्ड की प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट स्वाति पारीक सदस्य चंद्रशेखर शर्मा बाल कल्याण समिति सदस्य ज्योति आहूजा राजकीय बाल संप्रेषण गृह के अधीक्षक संजय वर्मा बंधुआ मुक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर संप्रेषण गृह समस्त स्टाफ आदि को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई।

## धार्मिक शिक्षण शिविर का समापन 8 को जैन भवन में होगा




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री दिगंबर जैन पूजन संघ अलवर एवं श्रमण संस्कृति संस्थान जयपुर द्वारा आयोजित 11 दिवसीय धार्मिक शिक्षण शिविर का समापन 8 जून को होगा। विभिन्न स्थानों पर आयोजित हुए शिविर में करीब 800 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह जानकारी बुधवार को संस्थान अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन, मुख्य शिविर संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन और नीरज जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इस कार्य को करते हुये संस्थान ने 25 वर्ष पूर्ण किये तथा आगे निरन्तर प्रयास जारी है इन्ही प्रयासों की मेहनत के फल के रूप में आज सभी मंदिरो एवं जैन भवन में लगभग 50-60 पुजारी प्रतिदिन पूजन एवं स्वाध्याय करते है। इसी कड़ी में संस्थान के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अलवर शहर के अतिरिक्त पूरे जिले एवं समीपवर्ती हरियाणा के फिरोजपुर झिरका सहित 16 स्थानो पर धार्मिक एवं नैतिक शिक्षा हेतु शिविर दिनांक 23 मई से 3 जून तक आयोजित किये गये। इस शिविर में सहयोगी संस्था श्री आदिनाथ जैन शिक्षण संस्थान अलवर रही जिन्होने लौकिक शिक्षा से धार्मिक शिक्षा तक की अवधारणा से पूर्ण सहयोग किया गया।शिविरो में बच्चे एवं बडो सहित कुल 800 शिविरार्थीयो ने भाग लिया। जिनका सामूहिक समापन एवं स मान समारोह 8 जून को प्रात 8 बजे जैन भवन स्कीम नं.10 में किया जावेगा। जिसमें शिविरार्थीयो को प्रमाण पत्र एवं पारितोषिक वितरण किया जावेगा।

## रोटरी क्लब अलवर ने लगाया नवां वाटर कूलर



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** रोटरी क्लब अलवर द्वारा प्रोजेक्ट के तहत आर के इंफ्रा के राकेश जैन अगोनीज एवं अशोक जैन अगोनीज के सौजन्य से वाटर कूलर के लगाने के क्रम में नवां वाटर कूलर डॉ श्रॉफ आई हॉस्पिटल में स्थापित कर उद्धघाटन किया गया। इन वाटर कूलर के समस्त रख रखाव की जिम्मेदारी डॉ श्रॉफ आई हॉस्पिटल की रहेगी। उद्धघाटन कार्यक्रम में रोटरी क्लब अलवर अध्यक्ष दीपक कट्टा, रोटेरियन, कोषाध्यक्ष बी डी अग्रवाल, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर अशोक कुमार (लेमिनेशन वाले), रोटश दीपकमल अरोड़ा, रोटश विकास गुप्ता एवं डॉ श्रॉफ आई हॉस्पिटल के प्रशासनिक अधिकारी योगेश यादव, कंसलटेंट डॉ रमीज रेजा उपस्थित रहे। इस प्रोजेक्ट के चेयरमैन रोटरी क्लब अलवर के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन नीरज जैन हैं।

# दोनों अभियानों में विभागीय समन्वय से आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करें - जिला कलक्टर

### जिला कलक्टर ने वीसी के माध्यम से वंदे गंगा अभियान एवं प्रोजेक्ट पहचान की समीक्षा बैठक ली

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की वन्दे गंगा (जल संरक्षण जन अभियान) व प्रोजेक्ट पहचान 'अलवर की पहचान आत्मनिर्भर दिव्यांग' की तैयारियों व व्यवस्थाओं की समीक्षा लेकर निर्देश दिए कि दोनों अभियानों को आमजन का अभियान बनाकर इन्हे क्रियान्वयन करावें। जिला कलक्टर ने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की तैयारियों की समीक्षा कर उपखण्ड अधिकारियों एवं विकास अधिकारियों से कहा कि इस अभियान का उद्देश्य वर्षा पूर्व जल संरक्षण के कार्यों को दुरूस्त कर वर्षा जल का संचयन करने का है, अत अपने क्षेत्र में जल संरक्षण के कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग कर इस अभियान के दौरान उन्हें न केवल जल संचय योग्य बनाएं बल्कि उन्हें सुन्दर स्वरूप प्रदान करने का भी कार्य करें। इस अभियान के संचालन में विभागीय समन्वय स्थापित करावे। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति से जुडा हुआ विषय है अत इस अभियान को जन-जन का अभियान बनाएं, इससे जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाओं को भी जोडे। इस अभियान के तहत प्रत्येक गांव में कम से कम एक जल संरक्षण का कार्य कराया जाना सुनिश्चित करावे। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी एवं विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र के वर्षा जल भराव की जगहों को चिन्हित कर उन्हें दुरूस्त करावे ताकि वर्षा जल का भराव नहीं होवे। सरकारी भवनों में रूफटॉफ हार्वेस्टिंग सिस्टम व ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार मैजिक किट, सोखता गड्डे बनाने, जलाशयों की साफ-सफाई, पौधारोपण आदि कार्यों का कार्यक्रम निर्धारित कर आगामी 15 दिवस में कराना सुनिश्चित करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि चिन्हित की गई बावडियों की साफ-सफाई के साथ-साथ उनका सौन्दर्यकरण कर उन्हें पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करें। जिला कलक्टर ने प्रोजेक्ट पहचान 'अलवर की पहचान आत्मनिर्भर दिव्यांग' के तहत जिले में लगाए जा रहे कै पों की समीक्षा कर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक एवं समस्त उपखण्ड अधिकारियों तथा विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि चिन्हित स्थानों पर दो दिन तक कै प का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाकर यूडीआईडी कार्ड जारी करवाने के साथ दिव्यांगों को सहायक उपकरण प्रदान करने तथा अन्य सरकारी योजनाओं से लाभांवित कराया जाना सुनिश्चित करावे। बैठक में जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, प्रशिक्षु आईएएस एश्वर्यम प्रजापत, एसडीएम यशार्थ शेखर, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह, वाटरशेड के अधिशाषी अभियन्ता नरेन्द्र सिंह मोथू, अधिशाषी नरेगा नरेन्द्र लाखीवाल तथा वीसी के माध्यम से समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं विकास अधिकारी मौजूद रहे।

## तिजारा में मिलावटखोरों पर बड़ी कार्रवाई, नकली दूध पाउडर की बड़ी खेप जब्त

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।।** जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुधवार को तिजारा में मिलावटखोरों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई कि। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर विभाग ने बोगस ग्राहक बनाकर कार्रवाई की योजना बनाई। बोगस ग्राहक को मैसर्स गोविंद सीड्स, फिरोजपुर रोड तिजारा भेजा गया, जहां उसने लैक्टोज मोनोहाइड्रेट ड्राई पाउडर और स्प्रे ड्रॉयड स्किम्ड मिल्क पाउडर की मांग की। दुकानदार रवि कुमार पुत्र राजकुमार, उम्र 34 वर्ष, जाति सिंधी, निवासी तिजारा द्वारा नगद पैसे लेकर लैक्टोज मोनोहाइड्रेट का कट्टा सौंपा गया। तुरंत मौके पर मौजूद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दबिश देकर कट्टा जब्त किया। जब विक्रेता से खाद्य पदार्थ की बिल की मांग की गई, तो वह बिल प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में पता चला कि यह सामग्री मिलावटी दूध तैयार करने में उपयोग की जाती थी और डेयरी संचालकों एवं दूध विक्रेताओं को बेची जाती थी। इसके बाद विभाग ने गोदाम की सघन जांच की, जिसमें 16 कट्टे लैक्टोज मोनोहाइड्रेट ड्राई पाउडर और 2 कट्टे स्प्रे




ड्रॉयड स्किम्ड मिल्क पाउडर (धौलपुर फ्रेश ब्रांड) के पाए गए। सभी कट्टों का नमूनीकरण कर जब्त कर लिया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा और रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात एफएसएसएआई अधिनियम 2006 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रन फॉर एनवायरमेंटः जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए दौड़ा खैरथल




### जल है तो कल है - जनभागीदारी से जागरूकता की दिशा में रन फॉर एनवायरमेंट दौड़ का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** विश्व पर्यावरण दिवस से पूर्व बुधवार को खैरथल में रन फॉर एनवायरमेंट का आयोजन किया गया। यह दौड़ पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खैरथल से शुरू होकर जिला सचिवालय, खैरथल में सम्पन्न हुई। इस जागरूकता दौड़ में बड़ी सख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं आमजन ने भाग लिया। जिला सचिवालय परिसर में दौड़ के समापन के बाद जल संरक्षण जन अभियान संकल्प के अंतर्गत प्रतिभागियों द्वारा परिंडे लगाए गए एवं उनमें पानी भरा गया। परिसर में स्थित पेड़ों में पानी देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा यह दौड़ केवल एक इवेंट नहीं, बल्कि जल एवं पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी की सार्वजनिक अभिव्यक्ति है। जल स्वावलंबन पखवाड़े की शुरुआत 5 जून से जिले भर में की जा रही है, जिसके तहत गाँव-गाँव में जल स्रोतों के पुनर्जीवन, वर्षा जल संचयन, स्वच्छता एवं हरियाली अभियान को गति दी जाएगी। हमें जल-जंगल-जन के इस प्राकृतिक बंधन को सहेजना है। उन्होंने आगे कहा कि हर नागरिक को जल का विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए। पारंपरिक जल स्रोतों जैसे कुएँ, बावड़ी, तालाब आदि का संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है। वर्षा जल संग्रहण को अपनाना और लोगों को इसके लिए प्रेरित करना समय की आवश्यकता है, हमें इस अभियान को सभी की भागीदारी से सफल बनाना है। इस अवसर पर मौजूद छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों ने जल संरक्षण की शपथ लेते हुए कहा जल है तो कल है, यही हमारा संकल्प है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अधिशासी अभियंता वाटरशेड विभाग छत्रपाल सिंह, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, नगर परिषद कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा सहित छात्र-छात्रा एवं आमजन उपस्थित रहें।

विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष

## प्लास्टिक प्रदूषण पर्यावरण के लिए हानिकारक - डॉ. ऋचा गुप्ता




आज 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा 1972 में शुरू किया गया था और पहली बार 1974 में मनाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और धरती को सुरक्षित व सतत बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करना है यह थीम दुनिया भर में बढ़ते प्लास्टिक कचरे और उसके दुष्परिणामों की ओर ध्यान आकर्षित करती है प्लास्टिक का अंधाधुंध उपयोग न केवल जल स्रोतों को प्रदूषित कर रहा है बल्कि यह समुद्री जीवन वन्य जीवों और मानव स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, हर वर्ष लगभग 11 मिलियन टन प्लास्टिक समुद्रों में पहुंचता है। यह प्रदूषण न केवल पारिस्थितिकी तंत्र को क्षति पहुंचा रहा है, बल्कि यह खाद्य श्रृंखला में भी प्रवेश कर चुका है इस अवसर पर भारत में कई संगठनों और संस्थानों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु विविध पहलें कीं। विशेष रूप से, फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया (FOGSI) ने एक विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत देश भर में FOGSI से जुड़े डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने सामूहिक रूप से पौधारोपण किया। यह पहल न केवल हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक कदम है, बल्कि यह पर्यावरण जागरूकता को भी स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ता है FOGSI का यह अभियान इस बात का प्रतीक है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत लोग न केवल मानव स्वास्थ्य के लिए समर्पित हैं, बल्कि वे प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा को भी अपनी ज़िम्मेदारी समझते हैं। डॉक्टरों ने न केवल पौधे लगाए, बल्कि मरीजों और समाज के अन्य वर्गों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक किया यह वृक्षारोपण अभियान एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि कैसे विभिन्न पेशेवर संगठन पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। इसके माध्यम से यह संदेश गया कि पर्यावरण की रक्षा केवल सरकार या पर्यावरणविदों की ज़िम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को इसमें योगदान देना चाहिए। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 हमें यह सोचने का अवसर देता हैं कि हम अपने जीवनशैली में कौन-कौन से सकारात्मक बदलाव लाकर पर्यावरण को संरक्षित कर सकते हैं प्लास्टिक का कम उपयोग, पुनर्चक्रण, वृक्षारोपण और ऊर्जा संरक्षण जैसे छोटे प्रयास मिलकर बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं अगर हम आज नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक संकटपूर्ण भविष्य छोड़ जाएंगे। इसलिए आइए, हम सभी संकल्प लें - धरती को हरा-भरा और प्लास्टिक-मुक्त बनाने का।

## विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के उपलक्ष में तिजारा में अन्नपूर्णा रसोई पर विशेष निरीक्षण, नमूने लिए गए



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** राजस्थान सरकार द्वारा विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस (7 जून) के उपलक्ष में चलाए जा रहे विशेष साप्ताहिक नमूनीकरण एवं निरीक्षण अभियान के तहत बुधवार को तिजारा में खाद्य सुरक्षा विभाग और नगर परिषद तिजारा की संयुक्त टीम द्वारा अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अन्नपूर्णा रसोई संचालन करने वाली दो फर्मों से खाद्य सामग्री के नमूने लिए गए। मैसर्स अन्वेष एजुकेशन फाउंडेशन, जो पंचायत समिति भवन के पास संचालित है, से गेहूं का आटा, मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और नमक के नमूने लिए गए। वहीं, मैसर्स यंग वेलफेयर समिति, बस स्टैंड के पास से मिक्स दाल, चावल और लाल मिर्च पाउडर के नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद तिजारा आयुक्त ने अन्नपूर्णा रसोई में कई खामियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि रसोई पर कोई होर्डिंग, भोजन का मेन्यू बोर्ड उपलब्ध नहीं था, और साफ-सफाई की स्थिति भी असंतोषजनक पाई गई। उन्होंने संबंधित फर्मों के खिलाफ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस संयुक्त कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव, आयुक्त मनीषा यादव, महिपाल गुर्जर सहित विभागीय टीम मौजूद रही। सभी लिए गए नमूने अब प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजे जाएंगे, और रिपोर्ट के आधार पर एफएसएसएआई अधिनियम 2006 के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।




जयपुर टाइम्स

अलवर। मानसून पूर्व नाला सफाई का निरीक्षण करते हुए नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका एवं सहायक अभियंता दिनेश वर्मा सहित अन्य कर्मचारी

## नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

### 10 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 2 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता श्री अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में पंकज सिंघवी मार्ग, फोर्टिस हॉस्पिटल, जेएलएन मार्ग, जवाहर सर्किल थाने के पास, नन्दपुरी अन्डरपास, साँगानेर बाजार, सिटी बस स्टैण्ड, मालपुरा गेट व आसपास से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरुद्ध 10 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 2 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में पंकज सिंघवी मार्ग, फोर्टिस हॉस्पिटल, जेएलएन मार्ग, जवाहर सर्किल थाने के पास, नन्दपुरी अन्डरपास, साँगानेर बाजार, सिटी बस स्टैण्ड, मालपुरा गेट व आसपास से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 2 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 10 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## नगर निगम ग्रेटर की पशु प्रबंधन शाखा अलर्ट मोड पर

### 10 अवैध डेयरियों पर कार्रवाई कर 30 गायों को पहुँचाया गया हिंगोनिया गौशाला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर की पशु प्रबंधन शाखा लगातार एक्शन मोड में नजर आ रही है। आयुक्त रूकमणि रियाड़ व उपायुक्त मुकुट सिंह चौधरी के निर्देशानुसार पशु प्रबंधन टीम द्वारा अवैध डेयरियों पर कार्रवाई की जा रही है तथा गायों को हिंगोनिया गौशाला भेजा जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को भी टीम द्वारा कार्रवाई की गई तथा डॉ राकेश कलोरिया ने अपनी टीम के साथ में झाड़खंड महादेव मंदिर के पास अवैध रूप से संचालित 10 अवैध डेयरियों पर कार्रवाई की। इन सब अवैध डेयरियां की लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी। इस दौरान अवैध डेयरी संचालकों द्वारा भारी विरोध किया गया, जिस कारण सतर्कता की टीम व पीसीआर ने मोर्चा सँभाला। इस कार्यवाही के दौरान 30 गोवंश को हिंगोनिया गो पुनर्वास केंद्र भेजा गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन के लिए कार्य करने का किया आह्वान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) पर सभी से पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाते हुए स्वच्छ पर्यावरण और पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखने में सहभागिता पर जोर दिया है। बागडे ने "एक पेड़ मां के नाम" के अंतर्गत अधिक छांव देने वाले और ज्यादा ऑक्सीजन देने वाले बड़े पेड़ लगाने और उनकी सार संभाल किए जाने की अपील की है। उन्होंने बढ़ते प्रदूषण को रोकने और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचने के लिए जल, जंगल और जमीन का संरक्षण किए जाने का आह्वान किया है।

## शराब गोदाम पर रंगदारी वसूली को लेकर आगजनी की घटना के दो अभियुक्त गिरफ्तार

### वारदात में प्रयुक्त दो बाईक बरामद

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** स्थानीय थाना पुलिस ने विगत 24 व 25 मई की मध्य रात्रि को खरखड़ी मोड़ स्थित एक शराब गोदाम पर रंगदारी वसूली की मांग को लेकर कारित की गई आगजनी की घटना के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। एसएचओ राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि 24 मई की रात्रि को शराब गोदाम में कर्मचारी रंगलाल सो रहा था, तभी गोपालपुरा निवासी नाजिम पुत्र श्योनारायण, धन्ना समेत 3-4 लोग आये एवं आते ही गाली गलौच करते हुये 50 हजार रूपयों की फिरौती की मांग करने लगे। इसके लिये मना करने पर शराब गोदाम में आग लगा दी, जिसमें रंगलाल का चेहरा झुलस गया। पीड़ित ने बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाई। हमलावर पैसे तैयार रखने एवं दुबारा आने की बात कहकर चले गये। इससे पूर्व भी मोबाईल से व्हॉट्सअप कॉल कर फिरौती की मांग करते रहे। देर रात्रि को बोलेरो गाड़ी में आकर 2 से 3 राउण्ड फायरिंग की एवं कहा कि पुलिस को सूचना दी तो परिणाम बहुत बुरा होगा। मामले में पुलिस ने गोपालपुरा निवासी घनश्याम उर्फ धन्ना (23) पुत्र ओमप्रकाश वाल्मिकी एवं ग्राम जयसिंहपुरा निवासी नवीन (29) पुत्र फूलचंद जाट को गिरफ्तार करते हुये वारदात में प्रयुक्त दो बाईक जप्त की है। साथ ही अभियुक्तगणों से पुछताछ निरन्तर जारी है।

## डीजे कोर्ट खुलने पर मिठाईयां बांटी

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** कोटपूतली में डीजे कोर्ट स्वीकृति पर अपार हर्ष व उत्साह का माहौल है। इसको लेकर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा के नेतृत्व में न्यायालय परिसर में मिठाईयों का वितरण किया गया। इस दौरान डॉ. मनमोहन सिंह, एड. मुकेश यादव, एड. दयाराम गुर्जर, एड. सत्यवीर पायला, एड. ज्योति शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

## सैनी विकास संगठन की बैठक का आयोजन

**कोटपूतली(निसं.)।** कस्बे के आदर्श नगर में शिक्षाविद देवीसहाय सैनी की अध्यक्षता में बुधवार को सैनी विकास संगठन की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के विभिन्न मुद्दों जैसे नारी स्वावलंबन एवं उत्थान पर चर्चा की गई। सैनी विकास संगठन संस्था एवं मानव सेवा नारी उत्थान समिति के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण दिये जाने का निर्णय लिया गया। सर्व समाज की महिलाओं के उत्थान एवं स्वालंबन के लिये 03 माह का सिलाई एवं ब्यूटीपार्लर, मेहंदी प्रशिक्षण शिविर 08 जून रविवार को प्रात 11.15 बजे से शिव मंदिर ढ़ाणी दीपावाली आदर्श नगर में लगाया जाना तय किया गया।

# राज्य में कोई पात्र व्यक्ति खाद्य सुरक्षा से वंचित न रहे- सुमित गोदारा

### गिव अप अभियान को जनआंदोलन का रूप देने के निर्देश, अपात्र लाभार्थियों पर सख्ती के संकेत

जयपुर टाइम्स



**अजमेर(निसं.)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अजमेर और ब्यावर जिलों के रसद अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में गिव अप अभियान की प्रगति और खाद्य सुरक्षा योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। मंत्री गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति खाद्य सुरक्षा से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार 26 जनवरी से नए पात्र लाभार्थियों को योजना में जोड़ा जा रहा है। सक्षम व्यक्तियों द्वारा स्वेच्छा से योजना छोड़ने के लिए गिव अप अभियान प्रारंभ किया गया है। इससे अब तक राज्यभर में 20.71 लाख लाभार्थी योजना से बाहर हुए हैं, जिससे केवल गेहूं वितरण में ही 378 करोड़ रुपए की वार्षिक बचत हो रही है। लक्ष्य इसे 35 लाख तक पहुँचाने का है। गोदारा ने अजमेर में गिव अप संख्या 77 हजार से बढ़ाकर 1.25 लाख तक ले जाने और अपात्र व्यक्तियों को हटाने की कार्यवाही तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अब तक अजमेर और ब्यावर से कुल 76 हजार व्यक्तियों ने योजना का लाभ छोड़ा है, वहीं 1.21 लाख नए लाभार्थियों को जोड़ा गया है। आगामी एक माह में 50 लाख और पात्रों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने अपात्र लाभार्थियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए और कहा कि प्रत्येक निरीक्षक प्रतिदिन कम से कम एक दुकान का निरीक्षण करें। 31 अगस्त तक अजमेर में 49 हजार और ब्यावर में 20 हजार अपात्र लाभार्थियों को हटाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में विधायकों ने भी अहम सुझाव दिए। अजमेर दक्षिण विधायक मती अनीता भदेल ने कहा कि जिन दुकानों के लाइसेंस निरस्त हों, उनकी जिम्मेदारी निकटवर्ती डीलर को दी जाए। ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत ने जागरूकता अभियान चलाने की मांग की, वहीं मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत और नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा ने पात्र वंचितों को शीघ्र योजना में जोड़ने पर बल दिया। बैठक में अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पूनम सागर, अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने अंत में कहा कि गिव अप अभियान से खाद्य सुरक्षा सूची पारदर्शी बन रही है और ज़रूरतमंदों को उनका हक मिल रहा है।

## वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान बनेगा जन आंदोलनः प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य सरकार द्वारा जल संरक्षण को लेकर शुरू किए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान को लेकर बुधवार को जयपुर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान जल संरक्षण की दिशा में क्रांतिकारी कदम साबित होगा और इसे जन-जन का अभियान बनाया जाएगा। पटेल ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस और गंगादशमी के अवसर पर शुरू होने वाला यह अभियान जलाशयों की सफाई, पारंपरिक जल स्रोतों के पुनरुद्धार, पौधारोपण, कलश यात्रा एवं जन जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। उन्होंने खनन प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता से वृक्षारोपण तथा सभी जल स्रोतों पर अतिक्रमण रोकने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जयपुर जिले में चल रहे रास्ता खोलो, सक्षम जयपुर, नशा मुक्त जयपुर और लाडेसर जैसे नवाचारों की भी समीक्षा की गई। मंत्री पटेल और प्रभारी सचिव मती श्रेया गुहा ने अभियान से जुड़े पोस्टर, पंजीकरण मार्गदर्शिका व फ्लैगशिप योजनाओं का विमोचन किया। समीक्षा बैठक में कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी ने बताया कि जिले में ?56.49 करोड़ की लागत से 1778 कार्यों का लोकार्पण एवं ?99 करोड़ के 1949 कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। साथ ही, 1500 गांवों में पौधारोपण भी होगा। बैठक में नगर निगम आयुक्तों, जिला परिषद अधिकारियों सहित अनेक विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की प्रदेश बैठक आयोजित, जयपुर अधिवेशन को लेकर हुई चर्चा

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, राजस्थान प्रदेश की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को स्वस्तिक भवन, विद्याधर नगर, जयपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष मेजर जनरल अनुज माथुर ने की। बैठक में आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों को लेकर गहन चर्चा की गई। यह अधिवेशन 19 से 21 दिसंबर 2025 तक राजधानी जयपुर में आयोजित किया जाएगा। बैठक में परिषद के तीनों प्रांतों–जयपुर, जोधपुर और चित्तौड़–के प्रांताध्यक्षों के साथ सभी जिला अध्यक्षों ने भाग लिया। उन्होंने अधिवेशन को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव और विचार साझा किए। कर्नल तेज प्रताप सिंह ने बाहर से आने वाले प्रतिनिधियों के ठहरने की व्यवस्था को लेकर आवास संबंधित जानकारी साझा की। वहीं, एयर कमोडोर चंदरमौली ने राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान आवश्यक मानव संसाधन (मैन पावर) की योजना की जानकारी दी। प्रदेश सचिव कमांडर बनवारी लाल ने अधिवेशन स्थल (वैन्यू) की जानकारी दी और उपस्थित पदाधिकारियों को स्थल का अवलोकन भी करवाया गया।अपने संबोधन में मेजर जनरल अनुज माथुर ने कहा कि जयपुर में आयोजित यह राष्ट्रीय अधिवेशन ऐतिहासिक और पूर्ण रूप से सफल होगा। उन्होंने कहा कि यह अधिवेशन न केवल संगठन की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा बल्कि देशभर से आने वाले प्रतिनिधियों के लिए भी यादगार बनेगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से इस महत्त्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग देने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य सहित सभी जिला अध्यक्ष व प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

## डीजे कोर्ट खोले जाने पर विधायक पटेल ने मुख्यमंत्री व विधि मंत्री का जताया आभार

### कहा- कोटपूतली वासियों की एकजुटता व संघर्ष को मिली जीत

### आमजन के लिये सुलभ होगा न्याय, कोटपूतली का होगा विकास, न्यायिक सुविधाओं का होगा विस्तार

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** राज्य सरकार द्वारा कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय (डीजे कोर्ट) एवं इसके समकक्ष न्यायालय, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश (सीजेएम कोर्ट), किशोर न्याय बोर्ड व उपभोक्ता संरक्षण बोर्ड खोले जाने की घोषणा पर विधायक हंसराज पटेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, विधि मंत्री जोगाराम पटेल का आभार व्यक्त करते हुये इस संघर्ष में मिले बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत व विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ के सहयोग पर धन्यवाद भी ज्ञापित किया। साथ ही जिला अभिभाषक संघ कोटपूतली समेत बानसूर, विराटनगर, पावटा व नारायणपुर के अभिभाषक संघों, अधिवक्ताओं व आमजन को भी बधाई दी है। पटेल ने कहा कि यह जीत कोटपूतली वासियों की एकता व संघर्ष की जीत है। जिस प्रकार आसपास की तहसीलों व विधानसभा के नागरिकों, अधिवक्ताओं व जनप्रतिनिधियों के सहयोग एवं समर्थन के साथ कोटपूतली के अधिवक्ताओं, आमजन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थाओं व विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं ने बेहद संयम दिखाते हुये शांतिपूर्ण तरीके से दो माह तक आन्दोलन किया। उससे कोटपूतली की मांग को और भी मजबुती मिली। राज्य सरकार ने यहाँ के लोगों की वाजिब मांग को देखते हुये इसे पुरा किया है। पटेल ने कहा कि डीजे कोर्ट खुलने से कोटपूतली में न्यायिक सुविधाओं का विस्तार होगा। जिससे यहां के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। साथ ही परिवादियों के लिये न्याय सस्ता, सुलभ होगा। उन्हें 100 किमी दूर जयपुर जाने की जरूरत नहीं होगा। पटेल ने बहरोड़ व नीमराणा के अधिवक्ताओं व आमजन से भी इस उपलब्धि में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि अलवर जाने से अच्छा बहरोड़ व नीमराणा क्षेत्र के परिवादी एवं अधिवक्ता मात्र 20 किमी दूर कोटपूतली आयें तो उनके लिये ज्यादा आसानी होगी। भविष्य में यह हम सभी के लिये लाभदायी सिद्ध होगा। पटेल ने सभी से आपसी टकराव व भेदभाव भुलाकर नवगठित जिले के सर्वांगीण विकास में शामिल होने की अपील की।

## जल एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में सीएसआर के माध्यम से आमजन के जीवन को बेहतर करने की दिशा में काम करें- जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में बुधवार को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के प्रावधानों को समुचित रूप से क्रियान्वित करने, इसमें समन्वय कर समुचित सहयोग प्राप्त करने, विभिन्न औद्योगिक समूहों से समन्वय स्थापित कर उनसे आवश्यक सुझाव प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर सीएसआर सबंधित समन्वय हेतु गठित जिला स्तरीय समिति (स्थाई) की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले में कार्यरत कम्पनियों के प्रतिनिधियों में टोयोटा गोसई से जेपी तंवर, हीरो मोटोकॉर्प से विनोद कुमार व श्रवण, अल्ट्राटेक सीमेंट से हिमांशु कुलश्रेष्ठ व विजय सिंह यादव, यूनाईटेड ब्रेवरीज से प्रशांत सहरावत व आशीष पांडे एवं हैवल्स से प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने जिले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा सीएसआर के प्रावधानों को समुचित रूप से क्रियान्वित करने, गत वित्तिय वर्ष में किये गये व्यय एवं कार्यों पर जिले में प्राथमिकता के आधार पर किये जाने वाले कार्यों, सीएसआर कम्पनियों एवं प्रमुख विभागों से सीएसआर के तहत प्रस्तावित कार्यों पर परिचर्चा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किये। जिला कलक्टर ने सीएसआर के माध्यम से किये जा रहे सामाजिक कार्यों पर विस्तार से चर्चा कर शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा वंचित वर्गों के सामाजिक कल्याण के दिशा में प्राथमिकता से कार्य करने को कहा। जिला कलक्टर ने कम्पनी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुये कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश सहित जिले भर में 05 से 20 जून 2025 तक "वंदे गंगा जल संरक्षण-जन संरक्षण अभियान" का शुभारम्भ किया जा रहा है। जिसके तहत जल संरक्षण व पर्यावरण के संबंध में विविध गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जिले कि कम्पनियां सीएसआर के माध्यम से अधिकरियों से समन्वय करते हुये इस दिशा में विविध कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके तहत सडक़ किनारे या चिन्हित स्थानों पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण एवं उनकी देखभाल व जल संकट वाले स्थानों पर तालाब व जोहड़, पौंड, एनिकट, जल स्रोत निर्माण सहित विभिन्न कार्य करवाये जा सकते हैं, जिससे की पर्यावरण संतुलन व भू-जल स्तर में वृद्धि हेतु प्रयासों में सहयोग प्राप्त हो सकेगा। अधीक्षण अभियंता वॉटर शेड हरिमोहन बैरवा ने सम्पूर्ण अभियान की विस्तार से जानकारी देते हुये सीएसआर के माध्यम से किये जा सकने वाले कार्यों पर चर्चा की। जिला कलक्टर ने कहा कि आईसीडीएस के माध्यम से जिले कि 1225 आंगनबाड़ी केंद्रों पर कृषि विज्ञान केन्द्र गोनेड़ा द्वारा तैयार किये जा रहे करीब 05 हजार मोरिंगा (सहजन) के सुपर फूड कहा जाने वाले गुणकारी पौधे लगाये जायेगें। जिससे कि पर्यावरण संतुलन में तो सहयोग मिलेगा ही साथ ही सहजन के गुणकारी तत्वों का उपयोग बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त करने में भी किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि सहजन खाने से शरीर का कई बीमारियों से बचाव होता है और लम्बे समय तक स्वस्थ रहता हैं।

# अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का कुशल निर्वहन कर वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान को सफल बनाएं- प्रभारी सचिव

### प्रभारी सचिव ने विभागीय समीक्षा बैठक लेकर दिए विस्तृत निर्देश

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में गंगा दशमी एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले में वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का आगाज किया जाएगा। इस संबंध में जिला प्रभारी सचिव पी रमेश ने जिला कलक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अभियान को लेकर विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अभियान का सफल बनाने हेतु पूर्ण गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधरोपण के सर्वाइवल पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अभियान के तहत होने वाली विभिन्न गतिविधियों में विस्तारपूर्वक समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि इस अभियान को व्यापक बनाकर सामुदायिक हस्तक्षेप के जरिए जल निकायों के प्रति आमजन में संवेदनशीलता उत्पन्न की जाए। आमजन के सहयोग से जल निकायों को स्वच्छ रखे जाने हेतु गंभीर प्रयास किए जाए। अभियान के दौरान जल निकायों को प्लास्टिक कचरे से मुक्त किया जाए। साथ ही जलकुंभी हटाने हेतु महत्वपूर्ण उपाय अपनाए जाए। उन्होंने नगर परिषद को शहर में आगामी मानसून के दृष्टिगत जल भराव के निस्तारण हेतु ड्रेनेज की समुचित सफाई कराए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मानसून के पूर्व शहर में व्यापक स्तर पर सीवरेज सफाई के कार्य कराए जाए। सफाई कार्यो में यह सुनिश्चित किया जाए कि सफाईकर्मी सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें। उन्होंने जल स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को गर्मी के दृष्टिगत पेयजल की उपलब्धता हेतु तैयारियां मुस्तैद रखने एवं आगामी मानसून के दौरान सुरक्षित पेयजल हेतु आवश्यक उपाय किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से मौसमी बीमारियों के प्रति तैयारियों की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। साथ ही उन्होंने जेवीवीएनएल से आगामी मानसून के दौरान विद्युत आपूर्ति निर्बाध उपलब्ध हो इस दृष्टि से निर्देश प्रदान किए। इस दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने प्रभारी सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों की गहन पालना हेतु आश्वस्त किया। उन्होंने वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान, बजट घोषणाओं की प्रगति, विभिन्न विभागीय कार्यो की प्रगति इत्यादि पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उप वन संरक्षक वी चेतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी साधना शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के प्रति करना होगा जागरूक



रमेश सर्राफ
लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं

*विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के दूसरे तरीकों सहित सभी देशों के लोगों को एक साथ लाकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और जंगलों के प्रबन्ध को सुधारना है। वास्तविक रुप में पृथ्वी को बचाने के लिये आयोजित इस उत्सव में सभी आयु वर्ग के लोगों को सक्रियता से शामिल करना होगा। तेजी से बढ़ते शहरीकरण व लगातार काटे जा रहे पड़ो के कारण बिगड़ते पर्यावरण संतुलन पर रोक लगानी होगी। हमारी धरती, जनजीवन को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण का सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है। पूरी दुनिया आधुनिकता की ओर बढ़ रही हैं। दुनियाभर में हर दिन ऐसी चीजों का इस्तेमाल बढ़ रहा है जिससे पर्यावरण खतरे में हैं। इंसान और पर्यावरण के बीच गहरा संबंध है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं। ऐसे में प्रकृति के साथ इंसानों को तालमेल बिठाना होता है। लेकिन लगातार वातावरण दूषित हो रहा है। जिससे कई तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं।*

हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता हैं। यह एक वैश्विक संदेश देता है कि अब वह समय आ गया है जब मनुष्य और प्रकृति के बीच खोए हुए सन्तुलन को फिर से स्थापित किया जाना चाहिए। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस 2025 का थीम है विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण का अंत। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1972 में पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था। लेकिन विश्व स्तर पर इसके मनाने की शुरुआत 5 जून 1974 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुई थी। जहां 119 देशों की मौजूदगी में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। साथ ही प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का गठन भी हुआ था। भारत में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम भारत की संसद द्वारा 1986 में पारित किया गया था। इसे संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत पारित किया गया था। यह 19 नवंबर 1986 को लागू हुआ था।

विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के दूसरे तरीकों सहित सभी देशों के लोगों को एक साथ लाकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और जंगलों के प्रबन्ध को सुधारना है। वास्तविक रुप में पृथ्वी को बचाने के लिये आयोजित इस उत्सव में सभी आयु वर्ग के लोगों को सक्रियता से शामिल करना होगा। तेजी से बढ़ते शहरीकरण व लगातार काटे जा रहे पड़ो के कारण बिगड़ते पर्यावरण संतुलन पर रोक लगानी होगी।

हमारी धरती, जनजीवन को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण का सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है। पूरी दुनिया आधुनिकता की ओर बढ़ रही हैं। दुनियाभर में हर दिन ऐसी चीजों का इस्तेमाल बढ़ रहा है जिससे पर्यावरण खतरे में हैं। इंसान और पर्यावरण के बीच गहरा संबंध है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं। ऐसे में प्रकृति के साथ इंसानों को तालमेल बिठाना होता है। लेकिन लगातार वातावरण दूषित हो रहा है। जिससे कई तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं। जो हमारे जनजीवन को तो प्रभावित कर ही रही हैं। साथ ही कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं की भी वजह बन रही हैं। सुखी स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है। इसी उद्देश्य से हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

स्वस्थ पर्यावरण हमारे जीवन में काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि बिना इसके स्वस्थ रहने की कल्पना करना मुश्किल है। हमें अपने मन में संकल्प लेना होगा कि हमें प्रकृति से सदभाव के साथ जुड़ कर रहना है। इस पर्यावरण दिवस पर हम सब इस बारे में सोचें कि हम अपनी धरती को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए और क्या कर सकते हैं। किस तरह इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। पर्यावरण दिवस पर अब सिर्फ पौधारोपण करने से कुछ नहीं होगा। जब तक हम यह सुनिश्चित नहीं कर लेते कि हम उस पौधे के पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करेंगें।

पर्यावरण शब्द संस्कृत भाषा के 'परि' उपसर्ग (चारों ओर) और 'आवरण' से मिलकर बना है जिसका अर्थ है ऐसी चीजों का समुच्चय जो किसी व्यक्ति या जीवधारी को चारों ओर से आवृत्त किये हुए हैं। यह शब्द फ्रांसीसी शब्द एनवायरनर से लिया गया है जिसका अर्थ है घेरना, घेरना या घेरना। पर्यावरण को उस परिवेश या परिस्थितियों के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें पौधे, जानवर और मनुष्य जैसे जीवित जीव रहते हैं। पर्यावरण की एक सरल परिभाषा में कहा जा सकता है कि मानव जीवन को प्रभावित करने वाले सभी जैविक और अजैविक तत्वों को शामिल करने वाली एक प्रणाली है। जैविक या जीवित घटकों में सभी वनस्पति और जीव शामिल हैं और अजैविक घटकों में पानी, सूरज की रोशनी, हवा, जलवायु आदि शामिल हैं।

देश में तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण बड़ी मात्रा में कृषि भूमि आबादी की भेंट चढ़ती गई। जिस कारण वहां के पेड़ पौधे काट दिये गये व नदी नालों को बंद कर बड़े-बड़े भवन बना दिए गए। जिससे वहां रहने वाले पशु, पक्षी अन्यत्र चले गए। लेकिन लाकडाउन ने लोगों को उनके पुराने दिनों की याद दिला दी है। पुराने समय में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिये पड़ो को देवताओं के समान दर्जा दिया जाता था। ताकि उन्हे कटने से बचाया जा सके। बड़-पीपल जैसे घने छायादार पेड़ो को काटने से रोकने के लिये उनकी देवताओं के रूप में पूजा की जाती रही है। इसी कारण गावों में आज भी लोग बड़ व पीपल का पेड़ नहीं काटते हैं।

मनुष्य प्रकृति द्वारा बनाया गया सबसे बुद्धिमान प्राणी माना जाता है। उसने एक ओर जहां विज्ञान से प्रौद्योगिक का विकास किया वहीं दूसरी ओर अंधाधुंध शहरीकरण तथा औद्योगिकीकरण भी किया। इसी का नतीजा है कि उद्योगों से निकलने वाला धुआँ, दूषित पदार्थ आदि प्रदूषण को जन्म दें रहे हैं। इस कारण जलप्रदूषण, वायुप्रदूषण हुआ है। आवास एवं शहरीकरण हेतु वनों की अत्यधिक कटाई के कारण मिटटी प्रदूषण एवं भूमि कटाव जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। वर्तमान समय में प्रदूषण किसी एक गांव, कस्बे या शहर की समस्या नहीं है अपितु यह संपूर्ण विश्व की बहुत विकराल समस्या बन गई है।

पांच वर्ष पूर्व लाकडाउन का वह समय पर्यावरण की दृष्टि से अब तक का सबसे उत्तम समय रहा था। उस दौरान शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी वायु प्रदूषण का स्तर घटकर न्यूनतम स्तर पर आ गया है। देश की सभी नदियों का जल पीने योग्य हो गया था। जो किसी चमत्कार से कम नहीं है। पूरी दुनिया में पिछले वर्ष जैसा पर्यावरण दिवस शायद ही फिर कभी मने। सरकार हर वर्ष नदियों के पानी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए अरबों रुपए खर्च करती आ रही है। उसके उपरांत भी नदियों का पानी शुद्ध नहीं हो पाता है। लाकडाउन के दौरान बिना कुछ खर्च किए ही नदियों का पानी अपने आप शुद्ध हो गया था। पर्यावरणविदों के मुताबिक जिन नदियों के पानी से स्नान करने पर चर्म रोग होने की संभावनाएं व्यक्त की जाती थी। उन नदियों का पानी शुद्ध हो जाना बहुत बड़ी बात थी। देश की सबसे अधिक प्रदूषित मानी जाने वाली गंगा नदी सबसे शुद्ध जल वाली नदी बन गयी थी।

भारत का पहला पर्यावरण आंदोलन बिश्नोई आंदोलन था। अमृता देवी ने इस प्रयास का नेतृत्व किया था। जिसमें 363 लोगों ने अपने जंगलों के संरक्षण के लिए अपनी जान दे दी। पेड़ों की सुरक्षा के लिए उन्हें गले लगाने या आलिंगन देने की अवधारणा स्थापित करने वाला यह अपनी तरह का पहला आंदोलन था। इस दिन हमें आमजन को भागीदार बना कर उन्हे इस बात का अहसास करवाना होगा कि बिगड़ते पर्यावरण असंतुलन का खामियाजा हमे व हमारी आने वाली पीढियों को उठाना पड़ेगा। इसलिये हमें अभी से पर्यावरण को लेकर सतर्क व सजग होने की जरूरत है। हमें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में तेजी से काम करना होगा तभी हम बिगड़ते पर्यावरण असंतुलन को संतुलित कर पायेगें। तभी हमारी आने वाली पीढ़ियां शुद्ध हवा में सांस ले पायेगी।

यदि समय रहते प्रदूषण जैसी समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो इसका खामियाजा संपूर्ण मानव जाति को भुगतना होगा। और इसके भयंकर परिणाम होंगे जो हमारे साथ भविष्य में आने वाली पीढ़ी भी भुगतेगी। नेशनल हेल्थ पोर्टल आफ इंडिया के मुताबिक देश में हर साल करीब 80 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण की वजह से हो जाती है। वायु प्रदूषण के चलते लोगों को शुद्ध हवा नहीं मिल पाती है। जिसका हमारे शरीर में फेफड़े, दिल और दिमाग पर बुरा असर पड़ रहा है। देश में 34 प्रतिशत लोग प्रदूषण की वजह से मरते हैं।

सम्पादकीय

## बिहार में नाबालिग लड़की से दरिंदगी और फिर उसके इलाज में लापरवाही



बिहार के मुजफ्फरपुर में एक नाबालिग लड़की से दरिंदगी और फिर उसके इलाज में लापरवाही पूरी व्यवस्था को शर्मसार करने वाली है। बलात्कार और बर्बरता झेलने के बाद जीवन के लिए संघर्ष कर रही मासूम ने रविवार को पटना के एक बड़े सरकारी अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस घटना ने मानवीय संवेदना को झकझोर दिया है। राज्य में कानून व्यवस्था पर तीखे सवाल उठ रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते मुजफ्फरपुर के उसके गांव में इस मासूम लड़की को दरिंदगी का शिकार बनाया गया था। आरोपी ने न केवल उससे बलात्कार किया, बल्कि धारदार हथियार से हमला कर उसे मारने की भी कोशिश की थी। पीड़िता को बीते शनिवार को गंभीर हालत में पटना मेडिकल कालेज एवं अस्पताल लाया गया था। परिजनों का दावा है कि अस्पताल में बिस्तर उपलब्ध न होने का हवाला देकर जिंदगी और मौत से जूझती उनकी बेटी को कई घंटे तक एंबुलेंस में ही इंतजार कराया गया। मामले के तूल पकड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती किया गया, मगर तब तक बहुत देर हो चुकी थी। यह घटना वास्तव में अस्पताल प्रशासन के साथ-साथ समूचे सरकारी तंत्र की संवेदनहीनता को उजागर करती है। सवाल है कि बच्ची जिस हालत में थी, उसके लिए इतने बड़े अस्पताल में क्या तत्काल इलाज की व्यवस्था नहीं की जा सकती थी। क्या अस्पताल प्रबंधन ने बच्ची की स्थिति को गंभीरता से लेने में इसलिए लापरवाही बरती कि वह कमजोर और गरीब तबके से थी? अव्वल तो कानून-व्यवस्था उस बच्ची को एक सुरक्षित जीवन देने में नाकाम रही, फिर जब उसके साथ बर्बरता हुई तो समय पर इलाज उपलब्ध कराने के मामले में भी उसकी त्रासद उपेक्षा की गई। बिहार में बढ़ते अपराध के बीच यह घटना एक झलक भर है कि वहां अपराधियों का दुस्साहस क्यों बढ़ रहा है और उसकी मार समाज के कमजोर वर्गों को क्यों झेलनी पड़ती है। सवाल है कि इलाज में देरी के लिए कौन जिम्मेदार है और ऐसा क्यों होने दिया गया।

# महिला अधिवक्ताओं के लिए नेटवर्किंग की चुनौतियाँ: बॉयज़ क्लब मानसिकता से पार पाने की राह

पेशे की दीवारें - एक महिला वकील आत्मविश्वास से खड़ी है, जबकि उसके पीछे के गलियारे में पुरुष सहयोगी अनौपचारिक चर्चाओं में मग्न हैं। यह चित्र कानूनी पेशे में महिलाओं के लिए सीमित नेटवर्किंग अवसरों का प्रतीक है।

महिला अधिवक्ताओं के लिए नेटवर्किंग की चुनौतियाँ: बॉयज़ क्लब मानसिकता से पार पाने की राह

एक महिला अधिवक्ता के रूप में, मैं अक्सर खुद को ऐसे पेशे में पाती हूं जहाँ नेटवर्किंग करियर की तरक्की में बेहद अहम भूमिका निभाती है। अदालतों के गलियारों में, कानूनी सम्मेलनों में या अनौपचारिक मेल-जोल के मौकों पर, संपर्क ही अवसर तय करते हैं। लेकिन अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में मैं यह भी महसूस करती हूं कि यह नेटवर्किंग पुरुषों और महिलाओं के लिए बराबरी से काम नहीं करती। मेरे पुरुष साथी अक्सर देर रात की चर्चाओं, गोल्फ आउटिंग्स या विशिष्ट फर्म इवेंट्स में घुल-मिल जाते हैं – ये वो जगहें हैं जहाँ महिलाएं या तो न के बराबर होती हैं या फिर पूरी तरह से नजरअंदाज की जाती हैं। जबकि पुरुष सहजता से इन मंडलियों का हिस्सा बन जाते हैं, हमें – यानी मुझे और मेरी कई महिला सहयोगियों को – पेशेवर रिश्ते बनाने के लिए वैकल्पिक रास्ते तलाशने पड़ते हैं। यह चुनौती सिर्फ पहुँच की नहीं, बल्कि इस बात की भी है कि हम अपने व्यवहार में प्रोफेशनलिज़्म और सहजता का संतुलन कैसे बनाए रखें, ताकि हमारी महत्वाकांक्षाओं को गंभीरता से लिया जाए।

कानूनी नेटवर्किंग हमेशा औपचारिक परिचयों या लिंक्डइन प्रोफाइल्स तक सीमित नहीं होती – यह अक्सर उन अनौपचारिक जगहों पर होती है जहाँ पहुँच बिना कहे ही दी जाती है और पहचानों के आधार पर तय होती है। पुरुषों के लिए ये जगहें सहज और उपलब्ध होती हैं, लेकिन महिलाओं के लिए – खासकर जो शुरुआत कर रही होती हैं – यह वातावरण कई बार बंद दरवाज़े जैसा लगता है। कल्पना कीजिए, एक देर रात का क्लाइंट डिनर जहाँ आप अकेली महिला हैं – क्या आप जाएंगी, यह सोचकर कि यह रणनीतिक रूप से फायदेमंद हो सकता है? या फिर आप पीछे हटेंगी, यह सोचकर कि बातों का गलत मतलब न निकले? या जब कोई वरिष्ठ अधिवक्ता "घर छोड़ने" की पेशकश करे, तो आप क्या करेंगी – उसका आभार मानें या फिर सामाजिक उलझनों से बचने के लिए मना कर दें? यह निर्णय हमारी रोज़ की ज़िंदगी का हिस्सा हैं – यह कोई डर नहीं, बल्कि हमारे वास्तविक अनुभव हैं।

महत्वपूर्ण चर्चाएँ अक्सर चाय की टपरी, वरिष्ठों के जन्मदिन समारोह, क्रिकेट मैचों या चैंबर की बैठकों में होती हैं – जहाँ महिलाओं को या तो बुलाया नहीं जाता, या वे खुद सहज महसूस नहीं करतीं। आमंत्रण मिलने पर भी माहौल ऐसा होता है कि महिलाओं को मेहमान की तरह महसूस होता है, हिस्सेदार की तरह नहीं। "अक्सर ऐसा लगता है कि जैसे उन बातों में हिस्सा लेने का पूरा हक़ नहीं मिला।" वरिष्ठ अक्सर उन्हीं अधिवक्ताओं को काम सौंपते हैं जिनसे वे "आरामदायक" महसूस करते हैं – और यह सुविधा अक्सर पुरुषों के साथ होती है। जब एक महिला अधिवक्ता पहल करती है, तो उसे कई बार "बहुत ज़्यादा उत्साही" कहा जाता है, जबकि वही पुरुषों में "डायनामिक" कहलाता है।

एक महिला अगर वरिष्ठ के चैंबर में ज़्यादा समय बिताए, तो उसे गलत नजरों से देखा जा सकता है, जबकि पुरुष को मेहनती समझा जाता है। "जब एक पुरुष वकील खुद को हाईलाइट करता है तो वह कॉन्फिडेंट लगता है, लेकिन जब महिला करती है तो उसे attention-seeking कह दिया जाता है।" देर रात मीटिंग्स, आखिरी वक्त की रणनीति कॉल्स, या 8 बजे के बाद होने वाले नेटवर्किंग इवेंट्स अक्सर महिलाओं के लिए बाधा बन जाते हैं, खासकर तब जब वे पारिवारिक जिम्मेदारियों को भी संभाल रही होती हैं।

नेटवर्किंग में आने वाली बाधाओं से निपटने की रणनीतियाँ

महिला-केन्द्रित नेटवर्क बनाना

जैसे कि महिला अधिवक्ताओं का व्हाट्सएप ग्रुप, लंच सर्कल या किताब चर्चा – यह सुरक्षित जगहें होती हैं जहाँ बिना झिझक अनुभव साझा किए जा सकते हैं।ऐसे प्लेटफॉर्म मानसिक समर्थन के साथ-साथ पेशेवर सुझाव, रेफरल और सह-परामर्श के अवसर भी प्रदान करते हैं।

डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग

सोशल मीडिया, वेबिनार्स, और ऑनलाइन मंचों के ज़रिए महिलाएं अपनी आवाज़ और सोच से पहचान बना सकती हैं।जब आपका काम ऑनलाइन दिखता है, तो लोग आपको सिर्फ नाम से नहीं बल्कि आपकी सोच और क्षमता से भी पहचानने लगते हैं।

मेंटॉरशिप और स्पॉन्सरशिप

एक अच्छा मार्गदर्शक आपके करियर की दिशा बदल सकता है – और यही ज़िम्मेदारी आगे चलकर महिलाओं को दूसरों के लिए निभानी चाहिए।सही समय पर मिली सलाह, समर्थन और प्रतिनिधित्व कई बार वर्षों की मेहनत को एक नई दिशा दे सकता है।

पैनल और समितियों में भागीदारी

जब लोग आपको मंच पर देखते हैं या किसी सर्कुलर में आपका नाम पढ़ते हैं, तो वे आपको एक गंभीर पेशेवर के रूप में स्वीकार करते हैं।ऐसे मंच आपके आत्मविश्वास को भी निखारते हैं और आपको कानूनी समुदाय में दृढ़ उपस्थिति प्रदान करते हैं।

सीमाएं स्पष्ट करना

प्रोफेशनल व्यवहार और व्यक्तिगत गरिमा दोनों एक साथ निभाए जा सकते हैं, बशर्ते हम अपनी सीमाएं खुद तय करें।स्पष्ट संवाद और व्यवहारिक मर्यादा आपको सम्मान दिलाने के साथ-साथ अपवांछित स्थितियों से भी बचाती है।

पुरुष सहयोगियों की भागीदारी

परिवर्तन में पुरुषों की भी अहम भूमिका है – जब कोई पुरुष वरिष्ठ महिला अधिवक्ता को सशक्त तरीके से प्रस्तुत करता है, तो पूरे माहौल में बदलाव आता है।ऐसे सहयोगी न केवल एक उदाहरण स्थापित करते हैं, बल्कि पेशे में समानता की संस्कृति को भी मजबूत करते हैं।

आगे का रास्ता – मेरी नज़र से

मुझे लगता है कि कानूनी पेशा बहुत आगे आ चुका है, और अभी भी प्रगति कर रहा है। मुझे अपने वरिष्ठों से समर्थन और विश्वास मिला, जिसने मुझे अपनी योग्यता दिखाने के मौके दिए। लेकिन मैं जानती हूं कि हर महिला को यह अनुभव नहीं मिलता। कई योग्य महिलाएं इसलिए पीछे रहती हैं क्योंकि उन्हें माहौल अनुकूल नहीं लगता। मैं मानती हूं कि नेटवर्किंग किसी एक लिंग का क्लब नहीं होना चाहिए। जब हम सब एक-दूसरे के लिए जगह बनाते हैं, तभी असली बदलाव आता है। कोर्ट के बाद अगर एक साधारण, समावेशी चाय सभा हो, या जूनियर्स के लिए मेंटरशिप प्रोग्राम – तो फर्क साफ दिखेगा। हमें क्लब को तोड़ने की नहीं, उसे फिर से डिज़ाइन करने की ज़रूरत है।

हम शॉर्टकट नहीं ढूंढ रहे – हम वो रास्ते गढ़ रहे हैं जो आने वाली पीढ़ियों को भी राह दिखाएंगे। हम पेशे की परिभाषा बदल रहे हैं – जहां स्थान योग्यता से तय हो, पहचान से नहीं।"

**प्रियंका बोराना**

**अधिवक्ता, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में प्रैक्टिस कर रही हैं।**
**वह जिला सलाहकार बोर्ड, जोधपुर की सदस्य हैं लॉ अवेयरनेस सोसाइटी),**
**तथा राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर खंडपीठ की हाईकोर्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी समिति की भी सदस्य हैं।**
**एक स्कूल प्रिंसिपल मां और भारतीय वायुसेना के अधिकारी पिता की संतान के रूप में उनका पालन-पोषण अनुशासन, शिक्षा और समर्पण जैसे मूल्यों के साथ हुआ। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा पंजाब से और उच्च शिक्षा ओडिशा से प्राप्त की। उन्हें अपने जीवन में स्वतंत्र रूप से अपने कौशल को पहचानने और उन्हें निखारने का अवसर मिला।न्याय के प्रति समर्पित विशेष रूप से दंड प्रक्रिया और आपराधिक मुकदमों में विशेषज़ता रखती हैं। एक महिला अधिवक्ता के रूप में वे न केवल कानून की रक्षा करती हैं, बल्कि इस पुरुष-प्रधान पेशे में गरिमा और आत्मसम्मान के साथ अपने स्थान को भी मजबूती से बनाए हुए हैं।**



# हितेन तेजवानी ने छोटे पर्दे पर बदलाव पर की बात

टीवी के जाने-माने अभिनेता हितेन तेजवानी ने आईएएनएस से खास बातचीत में भारतीय टीवी इंडस्ट्री के बदलाव पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि टीवी बदल रहा है और इसमें कामयाब होने के लिए मेहनत, लगन और लगातार अच्छे काम करना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने अपनी मेहनत और प्रदर्शन की बदौलत टीवी इंडस्ट्री में एक खास जगह बनाई है। हितेन का मानना है कि टीवी इंडस्ट्री में कंपटीशन होना बहुत जरूरी है, क्योंकि हर दिन नए-नए कलाकार आते रहते हैं। यहां सफल बने रहने के लिए सबसे जरूरी है खुद पर भरोसा रखना, अपने काम पर पूरा ध्यान देना और समय के साथ खुद को बदलना और सुधारना।

हितेन ने हा, टीवी शो में काम करते समय, को-एक्टर्स के बीच थोड़ी बहुत आगे बढ़ने की होड़ चलती रहती है। यह जरूरी भी है। लेकिन यह एक सकारात्मक कंपटीशन की तरह है। ये ऐसा नहीं होता कि मैं ही सबसे अच्छा दिखूं या मैं सबसे बेहतर हूं। असल में आप चाहते हैं कि आप अपना काम इस तरह करें कि पूरा सीन अच्छा और बेहतर लगे। आपकी परफॉर्मेंस से पूरा सीन और कहानी उभरकर आए।

हितेन ने आगे कहा, अगर आपकी एक्टिंग अच्छी है या आप दूसरे कलाकारों के साथ अच्छा मुकाबला करते हैं, तो इससे सीन और बेहतर होता है। इसलिए इसमें कुछ भी गलत नहीं है। अगर कंपटीशन अच्छा और सकारात्मक हो, तो वह हमेशा स्वागतयोग्य होता है। पवित्र रिश्ता के अभिनेता हितेन ने बताया कि ऑफ स्क्रीन अच्छे रिश्ते बनाना बहुत जरूरी है। इससे स्क्रीन पर एक्टिंग और भी असरदार होती है।

उन्होंने कहा, अगर ऑफ स्क्रीन आप अच्छे दोस्त हैं या साथ में मस्ती करते हैं, तो स्क्रीन पर आपकी केमिस्ट्री अपने आप अच्छी दिखती है। इसके लिए ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ती। हितेन ने बताया कि सेट पर उनके साथ काम करने वाले कई साथी उन्हें प्रैंकस्टर मानते हैं। लेकिन उन्हें लगता है कि वह एक ऐसे इंसान हैं जो सबके मूड को हल्का-फुल्का और आरामदायक बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा , मैंने अभी तक किसी के साथ कोई प्रैंक नहीं किया है। मुझे लगता है मैं चीजों को साधारण रखना पसंद करता हूं। मैं थोड़ा मजाक-मस्ती कर लेता हूं, लेकिन किसी के साथ कोई शरारत नहीं करता। हितेन तेजवानी दस साल से भी ज्यादा समय से टीवी इंडस्ट्री में हैं। फिलहाल, वह टीवी शो मेरी भव्य लाइफ में नजर आ रहे हैं।



# श्रीवल्ली अब मेरी दूसरी पहचान बन चुकी है

**पुष्पा सिर्फ एक नाम नहीं है, पुष्पा मतलब ब्रैंड। वो फिल्म जिसने सारे रिकॉर्ड तोड़े, दिलों को जीता और लोगों को और देखने के लिए बेकरार छोड़ दिया। बॉक्स ऑफिस पर तूफान मचाने के बाद अब पुष्पा राज एक बार फिर हमारे दिलों पर राज करने को तैयार है। इस बार पुष्पा राज वाइल्ड फायर बनकर लौटा है, एक ऐसी कहानी के साथ, जो पहले से कहीं बड़ी, ज्यादा दमदार और जबर्दस्त ड्रामा से भरपूर है। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित ब्लॉकबस्टर 'पुष्पा 2- द रूल' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर होने जा रहा है।**

**क्या आपको नहीं लगता कि अब आपको आधिकारिक तौर पर अपना नाम श्रीवल्ली रख लेना चाहिए?**

जवाब: ओह, सच कहूं तो मुझे लगता है लोग पहले ही मुझे श्रीवल्ली कहने लगे हैं। और मैं पहले भी अपनी टीम से इस बारे में बात कर चुकी हूं... मुझे ऐसा लगता है कि श्रीवल्ली अब मेरी दूसरी पहचान बन चुकी है, और इससे मैं बहुत खुश हूं, और बहुत गर्व महसूस करती हूं। क्योंकि एक एक्टर के लिए सबसे बड़ी बात यही होती है कि लोग उसके काम को पहचानें। और मेरे लिए, यह सबसे बड़ी तारीफ है जो एक एक्टर को मिल सकती है। आज जब लोग मुझे श्रीवल्ली कहकर बुलाते हैं, तो मुझे सच में बहुत खुशी होती है।

**'पुष्पा 2' में जथरा वाला सीन आइकॉनिक बन चुका है, खासकर आपका वो पावरफुल मोनोलॉग। इस पर सबका रिएक्शन कैसा था?**

मैंने ये सीन पहली बार बड़े पर्दे पर प्रीमियर के दौरान देखा। तब मैं अल्लू अर्जुन सर के बगल में बैठी थी। जैसे ही डायलॉग शुरू हुआ, पूरा थिएटर एकदम शांत हो गया, और जैसे ही सीन खत्म हुआ, लोग सीटी और ताली बजाने लगे। मैं वहीं बैठी रह गई, और हैरान होकर सोचती रही क्या ये सच में हो रहा है? मेरी आंखों में आंसू थे। हर दिन ऐसा नहीं होता कि किसी एक्ट्रेस को उसकी परफॉर्मेंस पर सीटियां और तालियां मिलें और ये मेरे लिए सब कुछ था। मैंने हमेशा खुद से कहा है कि एक दिन ये सारी मेहनत रंग लाएगी और उस पल में, वाकई, पूरे दिल से ऐसा ही लगा।

**पुष्पा फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों में अल्लू अर्जुन के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?**

अल्लू अर्जुन सर के साथ काम करना एक शानदार लर्निंग एक्सपीरियंस रहा। वो सेट पर इतनी एनर्जी और कमिटमेंट लेकर आते हैं, जो वाकई बहुत इंस्पायर करता है। उनके किरदार में जो डीटेलिंग और गहराई होती है, उसे देखकर मैंने बहुत कुछ सीखा। उनका पैशन मुझे भी मोटिवेट करता था कि मैं भी एक परफॉर्मर के तौर पर अपना बेस्ट दूं।

## आपके किरदार श्रीवल्ली के बारे में कुछ बताइए?

श्रीवल्ली जैसा किरदार निभाना मेरे लिए एक बेहद मुकम्मल अनुभव रहा, क्योंकि ये किरदार अंदर से मजबूत और भावनात्मक रूप से बहुत गहरा है। 'पुष्पा 2' में उसका सफर काफी बदल गया है। वो अब सिर्फ एक सपोर्टिव पत्नी नहीं है, बल्कि जब जरूरत पड़ने पर आवाज उठाने से भी पीछे नहीं हटती। एक अहम सीन है, जिसमें वो पुष्पा के लिए खड़ी होती है, और ये सिर्फ उनके रिश्ते की बात नहीं है, बल्कि उसकी अपनी सोच और हिम्मत की भी बात है। वो पल दिखाता है कि वो कितनी आगे बढ़ चुकी है। और एक एक्टर के तौर पर, उस बदलाव को निभाना मेरे लिए बहुत रिलेटेबल और संतोषजनक रहा।




# मुझे ट्रोलिंग से कोई फर्क नहीं पड़ता

कोरियोग्राफर, अभिनेत्री और यूट्यूबर धनश्री वर्मा पिछले दिनों क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से अपने तलाक को लेकर काफी चर्चाओं में रही थीं। इस दौरान उन्हें ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा था। अब धनश्री ने चहल से तलाक के बाद अपनी जिंदगी और ट्रोलिंग को लेकर बात की है। हालिया बातचीत में धनश्री ने तलाक के बाद अपने जीवन में आए बदलाव पर बात करते हुए कहा कि तलाक के बाद वह पूरी तरह से बदल गई हैं। साथ ही उन्हें ट्रोलिंग से कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि उन्होंने खुद को मजबूत बनाया है। धनश्री ने कहा, ट्रोलिंग मुझे बिल्कुल भी परेशान नहीं करती है क्योंकि मैंने खुद को अंदर से मजबूत कर लिया है। मैंने खुद को इस हद तक सुरक्षित रखा है कि बाहरी शोर मुझे परेशान नहीं करता। मैं हमेशा से एक मेहनती व्यक्ति रही हूं। अब मैंने अपनी लाइफस्टाइल को पूरी तरह से बदल दिया है और आंतरिक शक्ति, अनुशासन, व्यायाम और अच्छे खाने पर ध्यान केंद्रित किया है। खुद को ऐसे लोगों के साथ रखा है जो मुझे प्यार करते हैं और मेरा सम्मान करते हैं।

अपने मुश्किल वक्त को लेकर धनश्री ने आगे कहा, इस मुश्किल दौर में मैंने अपनी भावनाओं को अपने हुनर यानी डांस में ढालने का प्रयास किया है। मुझे उम्मीद है कि मैंने और लोगों को ताकत को अपना हथियार बनाने के लिए प्रेरित किया है। मैंने जो सबसे बड़ी चीज सीखी है, वह है आत्मनिर्भरता का महत्व और मेरे माता-पिता ने एक मजबूत बेटी की परवरिश की है। यह कुछ नया सीखने और खुद को मजबूत बनाने का वक्त रहा। मुझे मेरे बारे में किसी भी गलत धारणा पर सफाई देने की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि इससे केवल और अधिक अटकलें ही लगती हैं। मुझे लगता है कि प्यार जीवन का सबसे खूबसूरत पहलू है। धनश्री वर्मा ने साल 2020 में भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से शादी की थी। हालांकि, शादी के कुछ साल बाद ही दोनों के रिश्ते में अनबन की खबरें आने लगी थीं। इसके बाद इसी साल मार्च में दोनों ने तलाक ले लिया। अब दोनों के रास्ते पूरी तरह से अलग हैं।

# अनन्या पांडे के कजिन अहान की डेब्यू फिल्म 'सैयारा' का टीजर जारी




फिल्मी घराने से आने वाले एक और स्टारकिड का बॉलीवुड में डेब्यू हो गया है। चंकी पांडे के भतीजे और अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे की डेब्यू की फिल्म 'सैयारा' का टीजर जारी हो गया है। फिल्म को यशराज फिल्म्स द्वारा बनाया जा रहा है।

यशराज फिल्म ने अपनी आगामी फिल्म 'सैयारा' का टीजर आज जारी कर दिया है। फिल्म से अहान पांडे और अनीत पड्डा की नई जोड़ी बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही है। मोहित सूरी द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक फिल्म का दर्शक अनाउंसमेंट के बाद से ही इंतजार कर रहे थे। अब मेकर्स ने फिल्म की पहली झलक जारी की है। टीजर को यशराज फिल्म ने अपने इंस्टाग्राम पर जारी करते हुए लिखा, एक इंटेंस लव स्टोरी जो आपका दिल तोड़ देगी और उसे भर भी देगी।

## दिखी अहान-अनीत की केमिस्ट्री

टीजर वीडियो की शुरुआत अनीत पड्डा की आवाज से होती है। वो कहती हैं, मुझे तसल्ली दे दे जो, वो शब्द उधारा ढूंढ रहा है, एक सितारा ढूंढ रहा है, दिल सैयारा ढूंढ रहा है। टीजर में आगे अहान की झलक दिखाई जाती है। वो बाइक पर एंट्री करते हैं। आगे वो हाथ में गीटार लिए कहीं परफॉर्म करते नजर आ रहे हैं। वो काफी डैशिंग लग रहे हैं। उनके साथ अनीत पड्डा की केमिस्ट्री भी दिखाई जाती है। दोनों की जोड़ी काफी खूबसूरत लग रही है।

# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में फिर लौट सकती हैं गर्विता साधवानी?




हाल ही में टीवी सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है से अभिनेत्री गर्विता साधवानी का सफर खत्म हो गया है, क्योंकि शो में लंबा लीप दिखाया गया है। अब अभिनेत्री ने अपने रोल को लेकर बात की है और उन्होंने अपने फैंस को एक बड़ा हिंट दिया है। आइए जानते हैं अभिनेत्री ने क्या बात की।

टीवी अभिनेत्री गर्विता साधवानी ने ये रिश्ता क्या कहलाता है सीरियल के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'हां, खबर सच है। ये रिश्ता क्या कहलाता है में मेरा सफर समाप्त हो गया है। शो ने लीप लिया है, और मेरा किरदार रूही उस लीप का हिस्सा नहीं बनने जा रहा है।' आगे वह कहती हैं, 'आप इसे मेरे किरदार का अंत नहीं कह सकते, क्योंकि यह तय नहीं है कि रूही शो में वापस आएगी या नहीं। ऐसी संभावना हमेशा बनी रहती है।' आगे बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने बताया, 'मुझे लीप के बारे में बताया गया था और किसी भी शो को आगे बढ़ाने के लिए निर्माताओं को नए ट्विस्ट और टर्न पेश करते रहना चाहिए। मौजूदा स्टोरीलाइन में रूही के लिए कोई जगह नहीं है, लेकिन शो के आने वाले प्लॉट का अनुमान कौन लगा सकता है।'

## दर्शकों के प्यार के लिए जताया आभार

अभिनेत्री ने शो और खुद को दर्शकों द्वारा इतना प्यार मिलने पर आभार जताया है। उन्होंने कहा, 'जब मैं शो में आई, तो मैं थोड़ी चिंतित थी क्योंकि मैं एक ऐसा किरदार निभा रही थी, जिसे पहले से ही कोई निभा रहा था। लेकिन इस किरदार के लिए मुझे जिस तरह का प्यार मिला है, उसके लिए मैं आभारी हूं।'



# भक्ति से कॉमेडी तक, आने वाले वक्त में इन फिल्मों में अलग-अलग अंदाज में दिखेंगे अक्षय कुमार

**अक्षय कुमार के सितारे बुलंदी पर हैं। इस साल जनवरी में फिल्म स्काई फोर्स से उन्होंने दमदार शुरुआत की। फिर अप्रैल में केसरी चैप्टर 2 से उन्होंने दर्शकों का मनोरंजन किया है। यह सिलसिला यहीं नहीं थमा है। इस साल वे कई दमदार फिल्मों में नजर आने वाले हैं। कॉमेडी से लेकर माइथोलॉजिकल एपिक ड्रामा तक, वे अलग-अलग शैली की फिल्मों में नजर आएंगे।**

## हाउसफुल 5

जून में अक्षय कुमार फिल्म हाउसफुल 5 में नजर आएंगे। यह मल्टीस्टारर फिल्म है। तरुण मनसुखानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा संजय दत्त, जैकलीन, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, फरदीन खान और नाना पाटेकर जैसे सितारे नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला है। यह फिल्म 06 जून को रिलीज हो रही है।

## कन्नप्पा

यह पैन इंडिया फिल्म है। इसमें अक्षय कुमार भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले हैं। वहीं, काजल अग्रवाल माता पार्वती की भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में विष्णु मांचू लीड रोल में हैं। उनके अलावा प्रभास और मोहनलाल जैसे सितारे भी फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है।

## जॉली एलएलबी 3

यह फिल्म सितंबर में रिलीज होगी। लोकप्रिय फ्रेंचाइजी की यह तीसरी कड़ी है। फिल्म का निर्देशन सुभाष कपूर ने किया है। इस फिल्म की शूटिंग अजमेर और राजस्थान में की गई है। अक्षय कुमार के अलावा अरशद वारसी भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं।

## वेलकम टू द जंगल

खिलाड़ी कुमार की यह फिल्म भी इसी साल रिलीज हो रही है। अहमद खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा परेश रावल, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी, रवीना टंडन और संजय दत्त जैसे सितारे हैं। फिक्र सिर्फ इतनी ही नहीं है। 2025 के बाद साल 26 में भी अक्षय कुमार एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज देंगे। आखिर भूत बंगला और हेरा फेरी 3 जैसी फिल्में कतार में जो हैं।

# अपारशक्ति खुराना का नया गाना लफ्जां रिलीज



एक्टर और सिंगर अपारशक्ति खुराना ने अपना नया गाना लफ्जां रिलीज किया है। यह गाना प्यार और खामोशी के बारे में है। साथ ही उन भावनाओं के बारे में भी है, जो अक्सर हम बोल नहीं पाते। यह गाना दिल को छू लेने वाला और सुकून भरा है। पिछले साल अपारशक्ति खुराना का गाना जरूरत रिलीज हुआ था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया था। नया गाना लफ्जां इसका अगला पार्ट है। यह गाना दिल से जुड़ी भावनाओं को बताता है। उन्होंने गाने के जरिए अपने खास अंदाज में ऐसी भावनाओं को पेश किया, जिन्हें जुबां तक लाना मुश्किल होता है। यह गाना उन अनकहे एहसासों को समेटे है। नए गाने के बारे में बात करते हुए अपारशक्ति ने कहा, मुझे अपने पहले गाने जरूर के लिए बहुत प्यार मिला, और बहुत खुशी हुई जब भारी संख्या में लोग इस गाने से अपने दिल की बात जोड़ पाए। ठीक उसी तरह, लफ्जां भी उन लोगों के लिए बहुत खास गाना है। मैं हमेशा गानों के जरिए सच्ची भावनाओं पर आधारित कहानियां लोगों के साथ शेयर करता रहूंगा। लफ्जां को लेकर मेरी उम्मीद है कि सुनने वाले यह समझें कि प्यार को जोर-जोर से बताने की जरूरत नहीं होती। कभी-कभी प्यार चुप्पी में होता है, उन लफ्जों में होता है, जो हम कभी कह नहीं पाते।

# नींद नहीं आती या फिर बहुत आती है?



**अधिक नींद आना या आवश्यक नींद भी नहीं ले पाना हमारे कार्य करने के ढंग से लेकर शरीर के मेटाबॉलिज्म को प्रभावित करता है। जीवनशैली की अनियमितता और तनाव कई कारण होते हैं, जो हमारी नींद में बाधक बनते हैं। कुछ प्राकृतिक नुस्खों से इसमें राहत पाई जा सकती है।**

## नींद बहुत आना

पढ़ते समय नींद आती हो और सिर दुखता हो तो पान में एक लौंग डाल कर चबा लेनी चाहिए। इससे सुस्ती और दर्द में कमी होगी। नींद अधिक नहीं सताएगी। यदि पढ़ते समय अथवा रात को देर तक पढ़ते रहने के कारण प्रातःकाल सिरदर्द की शिकायत हो तो नींबू की चाय बना कर पीएं। बिना दूध की चाय बना कर (चाय की पत्ती उबालने के बाद चाय के एक कप पानी में दूध न मिला कर) उसमें दूध डालने की बजाय एक नींबू का रस डाल दें। इस चाय को पीने से दिमागी तनाव दूर होता है और ताजगी आती है। आप दिन भर सुस्ती के स्थान पर स्फूर्ति का अनुभव करेंगे।

**सहायक उपचार:** अतिनिद्रा वालों के लिए वज्रासन का अभ्यास उपयोगी है। यह आसन मन की चंचलता दूर करने में भी सहायक है। पढ़ने में मन न लगने वाले विद्यार्थियों को इस आसन में पढ़ना चाहिए।

## अनिद्रा (नींद न आना)

तरबूज के बीज की गिरी और सफेद खसखस अलग-अलग पीस कर बराबर वजन मिला कर रख लें। तीन ग्राम औषधि प्रातः एवं सांय लेने से रात में नींद अच्छी आती है, रक्त का दबाव कम होता है और सिर दर्द ठीक होता है। आवश्यकतानुसार एक से तीन सप्ताह तक लें।

## विकल्प

खसखस छः ग्राम, 250 ग्राम पानी में पीसकर कपड़े से छान लें और मिश्री 25 ग्राम मिला कर सुबह या शाम चार बजे नित्य एक बार लें। अनिद्रा दूर होगी। आवश्यकतानुसार इसे एक से तीन सप्ताह तक ले सकते हैं। तीन ग्राम पोदीना की पत्तियां (अथवा डेढ़ ग्राम सूखी पत्तियों का चूर्ण) 200 ग्राम पानी में दो मिनट उबाल कर छान लें। गुनगुना रहने पर इस पोदीना की चाय में दो चम्मच शहद डाल कर नित्य रात में सोते समय पीने से गहरी और मीठी नींद आती है। तीन-चार सप्ताह तक लें।

## सहायक उपचार

नींद कम या देर से आती हो तो सोने से पहले पैरों को हल्के गर्म पानी से धोकर साफ कर लेना चाहिए.पैरों के तलवों में सरसों के तेल की मालिश करने से नींद गहरी आती है। सिर में बादाम रोगन या आंवला या ब्राह्मी तेल की मालिश करने से नींद अच्छी आती है।

# चाय पीने के होते हैं कई फायदे

**चाय लोगों की जिंदगी से काफी हद तक जुड़ चुकी है, जिससे वह चाहकर भी दूर नहीं रह सकते। सर्दियों का मौसम हो या गर्मियों की शाम, चाय पीना तो बनता ही है। कई लोगों की तो दिन की शुरुआत ही चाय से होती है और चाय पर ही खत्म हालांकि बहुत सारे लोगों का मानना है कि चाय सेहत के लिए नुकसानदायक होती है लेकिन अगर आप भी चाय प्रेमी हैं तो आज जरा कुछ स्वास्थ्यवर्धक गुण जान लें।**

## चाय पीने के फायदे

उम्र घटाएं- चाय में एंटीऑक्सीडेंट शामिल होता है। चाय उम्र बढ़ने और प्रदूषण के प्रभाव के प्रकोपों से आपके शरीर की रक्षा करती है।

**कम कैफीन-** कॉफी के मुकाबले चाय में कम कैफीन होते हैं। कॉफी में आमतौर पर चाय से 2 से 3 बार अधिक मात्रा में कैफीन पाई जाती है। 8 औंस कप की कॉफी में 135 मिलीग्राम के आसपास कैफीन होता है, वहीं पर चाय के प्रति कप में केवल 30 से 40 मिलीग्राम कैफीन होता है यदि कॉफी पीने से आपको अपच, सिर दर्द या सोने में कोई परेशानी आती है, तो चाय पी लें।

**दिल का रोग-** चाय दिल का दौरा और स्ट्रोक के जोखिम को कम कर सकती है। चाय पीने की वजह से धमनियां चिकनी और कोलेस्ट्रॉल से मुक्त हो जाती हैं। 6 कप से अधिक चाय पीने से दिल की बीमारी होने का खतरा एक तिहाई कम रहता है।

**हड्डियां बने मजबूत-** चाय आपकी हड्डियों को भी बनाती है। केवल इसलिए नहीं कि इसमें दूध मिला होता है बल्कि एक अध्ययन में उन लोगों की तुलना एक साथ की गई थी, जो चाय का सेवन 10 साल से करते आ रहे हैं और जो चाय नहीं पीते। अध्ययन में पाया गया कि चाय पीने वालों की हड्डियां उम्र, अधिक वजन, व्यायाम, धूम्रपान और अन्य रिस्क फैक्टरों के बावजूद भी मजबूत हैं।



**दांत बने मजबूत-** चाय पीने से आपके दांत मजबूत बनेंगे। चाय वास्तव में फ्लोराइड और में टैनिन से बनी होती है जो प्लेग को दूर रखता है। यह स्वस्थ दांतों और मसूड़ों के लिए भी फायदेमंद है।

**से लड़े-** चाय पीने से आपके शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को संक्रमण से लड़ने में बहुत मदद मिलती है। सर्दी-जुखाम जैसी आम बीमारियां चाय पीने से एक दम गायब हो जाती हैं।



**कैंसर से बचाए-** चाय कैंसर के विरुद्ध सुरक्षा करती है क्योंकि इसमें पॉलीफिनॉल और एंटीऑक्सीडेंट मिला होता है। इन दोनों के प्रभाव कैंसर से लड़ने के लिए बहुत मदद करते हैं।

**पानी की कमी पूरा करें-** चाय हाइड्रेटेड रखने में तो मदद करती है जबकि कॉफी पीने से पेशाब ज्यादा लगती है इसलिए यह शरीर में ज्यादा देर तक न रह कर बाहर निकल जाती है। इसलिए हमारे शरीर में पानी की पूर्ती नहीं हो पाती। अगर आप रोज दिन में 6 कप कॉफी के पी जाते हैं, तो आपके अंदर पानी की कमी हो सकती है।

**कम कैलोरी-** चाय में किसी भी प्रकार की कैलोरी नहीं होती, जब तक आप उसमें किसी प्रकार का स्वीटनर या दूध न मिला लें। यदि आप एक संतोषजनक, कैलोरी मुक्त पेय पीना चाहते हैं, तो चाय उसमें से सबसे बेस्ट ऑप्शन है।

**फैट घटाए-** चाय से फैट भी कम होता है इससे आपको शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ जाता है। कुछ लोगों का वजन एक्सरसाइज करने से भी कम नहीं होता लेकिन अगर आप ग्रीन टी पिएंगे तो आपका मेटाबॉलिज्म रेट बढ़ेगा, जिससे 70 से 80 कैलोरी आसान से बर्न हो सकती है। इसके साथ ही आपको रोज 30 मिनट की वॉक भी लेनी जरूरी है।

# बच्चे में चिड़चिड़ापन न करें नजरअंदाज



अगर आपका शिशु अधिक चिड़चिड़ा है तो ये कोई नजरअंदाज करने वाली बात नहीं है। यह किसी मानसिक बीमारी का प्रारम्भिक संकेत भी हो सकता है। हालांकि शिशु का थोड़ी-थोड़ी देर में चिड़चिड़ाना और रोना अधिकतर सामान्य भी होता है। अधिकांश शिशु हर रोज कुल एक घंटे से लेकर तीन घंटे तक रोते हैं। लेकिन अगर बच्चे में चिड़चिड़ापन बहुत ज्यादा हो और लंबे समय तक ये बना रहे तो कोई समस्या हो सकती है। चलिए विस्तार से जानें कि बच्चे में चिड़चिड़ापन कब सामान्य है और कब ये किसी समस्या का संकेत हो सकता है।

## शिशुओं में साधारण चिड़चिड़ापन

शिशु का थोड़ी-थोड़ी देर में चिड़चिड़ाना और रोना आमतौर पर गंभीर बात नहीं होती है। ज्यादातर शिशु हर रोज कुल एक घंटे से लेकर तीन घंटे तक के समय के लिए रोते हैं। इसका पिछे कारण यह है कि आपका शिशु अपने आप खुद कुछ नहीं कर सकता है और वह अपनी हर जरूरत के लिए आप पर ही निर्भर करता है, फिर चाहे उसे भूख लगी हो, वो आराम चाहता हो या फिर उसे प्यार और दुलार की दरकार हो। आपका शिशु रो रो कर ही आपको यह बताने की कोशिश करता है। लेकिन कई बार यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है की भला शिशु ज्यादा क्यों रो रहा है। इसके लिए आपको शिशु के लक्षण पहचानकर अंदाजा लगाना होता है। इसमें थोड़ी मुश्किल जरूर होती है लेकिन समय के साथ आप पहचानना सीख जाती हैं और समझने लगती हैं की आपके शिशु के रोने का कारण क्या है। शिशु के चिड़चिड़ेपन और उसके रोने को किस तरह से पहचाना जाए, और किस तरह से उसे शांत कराया जाए।

मानसिक बीमारी का प्रारम्भिक संकेत भी हो सकता है एक शोध में सामने आया कि अगर आपका शिशु अधिक चिड़चिड़ा है तो यह किसी मानसिक समस्या का संकेत भी हो सकता है। वैज्ञानिकों ने शिशुओं द्वारा शुरुआती बाल्यावस्था के दुर्व्यवहार और गम्भीर दुर्व्यवहार को अलग करने के लिए एक प्रश्नावली तैयार की। एक रिपोर्ट के मुताबिक इसके द्वारा बच्चों में मानसिक बीमारी के शुरुआती अवस्था में पहचान एवं इलाज में सहायता मिल सकती है।

शोध के मुताबिक यह संकेत इशारा करते हैं कि जब शिशु में चिड़चिड़ापन अक्सर होने लगे तो इसका अर्थ है कि वह मानसिक रूप से संघर्ष कर रहा है। शोधकर्ताओं ने तीन से पांच साल के प्री स्कूल जाने वाले 1500 बच्चों के अभिभावकों से उनके बच्चों के व्यवहार के सम्बन्ध में प्रश्न पूछने के लिए मल्टीडायमेंशनल एसेसमेंट ऑफ प्रीस्कूल डिसरप्टिव बिहेवियर (एमएपी डीबी) नामक प्रश्नावली विकसित की।

शोध में पाया गया कि बच्चों में चिड़चिड़ापन पाया गया। 10 प्रतिशत से कम बच्चे रोज झल्लाते थे और चिड़चिड़ापन दिखाते थे। यह लक्षण लड़के एवं लड़कियों दोनों में ही एक जैसा पाया गया।



# हार्ट अटैक के बाद बरतें ये सावधानियां

बदलती जीवनशैली, खानपान की गलत आदतें, जरूरत से ज्यादा तनाव और एक्सरसाइज की कमी के कारण दिल संबंधी रोगों में तेजी से वृद्धि हो रही है। दिल, मांसपेशियों से बना अंग है जो शरीर के विभिन्न अंगों में रक्त की पम्पिंग करता है। दिल को रक्त प्रवाहित करने वाली धमनियों में जब रुकावट आती है तो उस हिस्से में रक्त का संचार ना होने से मांसपेशियां मरने लगती हैं। जिससे दिल की क्रियाविधि प्रभावित होती है, इसी को हार्ट अटैक कहते हैं।

## हार्ट अटैक के बाद

अटैक आने के तुरंत बाद जीभ के नीचे एस्पिरिन की एक गोली रखने से भी जोखिम काफी कम हो सकता है। इसके बाद तुरंत विशेषज्ञ के पास पहुंचाएं क्योंकि हार्ट अटैक के 1 . 6 घंटों को बहुत महत्वपूर्ण समझा जाता है। यदि शुरुआत के घंटों में समुचित चिकित्सा हो जाती है तो दिल को होने वाले नुकसान को काफी कम किया जा सकता है। रोगी को सपोर्ट दें, लोगों की सलाह पर कोई दवाई न दें। इसके साथ-साथ समय के साथ हार्ट अटैक के लक्षणों में आ रहे अंतर को समझना भी बेहद जरूरी होता है। उदाहरण के लिए सामान्य लोगों से उलट ज्यादातर डायबिटिक लोगों में हार्ट अटैक आने पर सीने में दर्द होने के बजाय सांस फूलने, घबराहट, छाती में भारीपन, चक्कर आना तथा जबड़े में जकड़न जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

## कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करें

कोलेस्ट्रॉल को अपने दिल के करीब न फटकने दें। बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल से दिल से संबंधित बीमारियों का खतरा बना रहता है। इसलिए हाई ब्लड प्रेशर और बढ़े कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने के लिए दवाइयों और डाइट पर विशेष ध्यान दीजिए।

## धूम्रपान से दूरी

जिनको धूम्रपान के कारण हार्ट अटैक हुआ था वो धूम्रपान बिल्कुल न करें। शोध में पाया कि दिल का दौरा पड़ने के बाद जो मरीज धूम्रपान फिर से शुरू कर देते हैं उनके साल भर के अंदर मरने का अंदेशा होता है।



## हार्ट अटैक के इलाज के बाद सावधानी

एक बार हार्ट अटैक झेल चुके हृदय के मरीजों को अत्यन्त सावधानी के साथ अपनी जीवन शैली में ऐसे बदलाव अपनाने चाहिए जिससे दूसरी बार अटैक से बचे रहें। हार्ट अटैक के इलाज के बाद मरीज को कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। खासकर दवाइयों को नियमित रूप से लेना जरूरी है। इसके अलावा जिसके कारण उसे हार्ट अटैक हुआ था, उसे नियंत्रित करना चाहिए।



## जैतून के तेल का इस्तेमाल

खाने में तेल के इस्तेमाल से ब्लॉकेज तेजी से बढ़ता है, इसलिए तेल कम से कम इस्तेमाल करें। वैसे भी, तेल में अपना कोई स्वाद नहीं होता। अगर आपको तेल का इस्तेमाल करना ही है तो जैतून के तेल का प्रयोग करें। जैतून के तेल में फैटी एसिड की प्रचुर मात्रा होती है जो हृदय रोग का खतरा कम करती है।

## नियंत्रित रखें वजन

मोटापा भी ब्लॉकेज बढ़ा सकता है। इसलिए अपनी उम्र और लंबाई के हिसाब से अपना आदर्श भार पता लगाएं और उस भार को पाने और फिर बनाए रखने के लिए मेहनत करें। बीएमआई 25 से ज्यादा और कमर का माप 34 इंच से ज्यादा नहीं होना चाहिए।

## शुगर को नियंत्रित रखें

शुगर के रोगियों में धमनियों में रक्त का थक्का बनने की संभावना काफी अधिक होती है। यदि मरीज को शुगर है तो शुगर को नियंत्रित करने वाली दवा लेना बहुत जरूरी होता है।

## ड्राई फूड को शामिल करें

नट्स रक्त वसा पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। साथ ही यह हानिकारक कोलेस्ट्रॉल को कम करने में आपकी मदद करते हैं। इनमें विटामिन ई, मैग्नीशियम, फाइबर व पोटेशियम आदि होते हैं जो हृदय के लिए सुरक्षा तत्व का काम करते हैं। हार्ट अटैक के बाद इन सब बातों को ख्याल रख कर और तली-भुनी चीजों और नमक का कम सेवन, नियमित रूप से आधे घंटे तक वॉक, योग व व्यायाम और भोजन में रेशेदार चीजों को शामिल कर आसानी से दूसरी बार आने वाले अटैक के खतरे से बचे रह सकते हैं।

# इस व्यायाम से दूर होगी खर्राटे की समस्या

खर्राटे से आपको जितनी अधिक समस्या होती है उससे कहीं अधिक समस्या आपके पार्टनर या आपके साथ सोने वाले दूसरे लोगों को होती है। क्योंकि आपके खर्राटे दूसरों की नींद उड़ा देते हैं। अगर खर्राटे की समस्या को नजरअंदाज किया जाए तो इसके कारण कई बीमारियां होने लगती हैं। लेकिन अगर आप खर्राटे लेते हैं तो यह जानकारी आपके लिए बहुत फायदेमंद हो सकती है। हम आपको ऐसे तीन व्यायाम के बारे में बता रहे हैं जिनका अभ्यास करने से आपको खर्राटों की समस्या नहीं होगी।

## क्यों आते हैं खर्राटे

कई बार वायुमार्ग के पास अतिरिक्त ऊतक जमा हो जाते हैं और इसके कारण वायुमार्ग से जुड़ी मांसपेशियां ढीली हो जाती हैं। जिससे वायु के प्रवाह में रुकावट आती है। इससे सामान्य सांस लेने में समस्या होती है, और खर्राटे आने लगते हैं। बंद मुंह से खर्राटे लेना जीभ की संरचना में समस्या का संकेत है, वहीं खुले मुंह से खर्राटे लेने का संबंध गले के टिशू से हो सकता है।



## मुंह का व्यायाम करें

खर्राटों से निजात पाने के लिए जीभ के अगले हिस्से को दांतों से सटा लीजिए। फिर जीभ को पीछे की ओर खींचिए। ऐसा एक मिनट तक करें। यह क्रिया दिन में कम से कम तीन बार जरूर दोहराएं। अब मुंह खोलें, निचले जबड़े को दाईं ओर करें और 30 सेकंड के लिए इसे रोककर रखें। फिर इस क्रिया को बाईं ओर से भी करें। इस अभ्यास को दो से तीन बार दोहराएं।

### नुकसानदेह है खर्राटे

अगर आपको खर्राटों की समस्या लंबे समय तक रहे तो इसके कारण उच्च रक्तचाप, रात में सीने में दर्द, ध्यान केंद्रित न कर पाना, हृदय की धड़कन असामान्य होना, रक्त में शुगर की मात्रा असंतुलित होना, फेफड़ों में समस्या हो सकती है। शोधों की मानें तो यह हड्डियों को भी कमजोर कर सकता है। खर्राटों के कारण कैरोटिड धमनियों की दीवार मोटी हो जाती है। इन धमनियों का कुछ भाग गले के बहुत पास होता है और खर्राटों के कारण होने वाले कंपन का प्रभाव इन पर पड़ता है। धमनियों के मोटा होने से स्ट्रोक और धमनियों के कड़ा होने का खतरा बढ़ जाता है। ये दोनों स्थितियां दिल को प्रभावित करती हैं।

# खीरे से करें अपने घर को कॉकरोच से मुक्त



कॉकरोच की कल्पना से ही हममें से कई लोगों को घिन आने लगती है, यह दुनिया का सबसे बुरा जीव है जो हर किचन में यहां-वहां घूमते हुए दिख जाते हैं। कोई भी घर ऐसा नहीं मिलेगा जहां कॉकरोच न हो। कभी ये आपको सिन्क पर घूमते नजर आयेंगे, तो कभी पाइप के छेद में, कभी फ्रिज के पीछे या फिर हर उस जगह पर दिखेंगे जहां गंदगी होगी। इसे भगाने में इन टिप्स की मदद लीजिए।

## कॉकरोच की समस्या

कॉकरोच आपके घर में एक शानदार कॉलोनी बना कर मजे से रहते हैं। जब भी आप किचन में जाती हैं तब ही आपको 2-3 कॉकरोच इधर-उधर भागते हुए दिखते हैं। साथ ही यह सूक्ष्मजीवों को आपके घर में हर जगह फैलाकर कई प्रकार के रोगों को संचारित कर सकते हैं। जाहिर सी बात है आपने इन्हें कंट्रोल करने के लिए पेस्ट कंट्रोल और संहारक की मदद ली होगी, हालांकि यह केमिकल कॉकरोच को मारने के बेस्ट उपायों में से एक हो सकता है, लेकिन यह आपके, आपके बच्चों, आपके पालतू जानवर और आपके साथ रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं होता। कौन चाहता है कि उसके घर के आस पास कॉकरोच हो, लेकिन कॉकरोच से छुटकारा पाना बहुत मुश्किल काम है। डायनासोर की तरह यह सबसे पुराने ऐसे जीव हैं, जो हजारों लाखों साल से धरती पर बने हुए हैं। एक बार कॉकरोच घर में जगह बना लेने के बाद इन्हें बाहर निकालना वास्तव में एक समस्या होती है। अगर आप इन गन्दगी फैलाने वाले कॉकरोच से परेशान हो चुकी हैं और इन केमिकल से दूर एक असरदार दवाई ढूंढ रही हैं तो खीरे जैसा प्राकृतिक उपचार इन कॉकरोच से आपके घर को छुटकारा दिला सकता है।

## खीरे से दूर भगाएं कॉकरोच

खीरा कॉकरोच से छुटकारा पाने का एक शानदार तरीका है। कॉकरोच से छुटकारा पाने के लिए आपको घर में जहां भी कॉकरोच दिखें उस जगह पर खीरे के स्लाइस को रखें। खीरे की स्मैल कॉकरोच को दूर भगाने के लिए काफी है क्योंकि खीरा हानिकारक जीवाणुओं के विकास को बंद करता है, जो कॉकरोच के लिए बाधा के रूप में काम करता है।

इसलिए अगर आप अपने घर के इस दुखदायी जीव से छुटकारा पाना चाहते हैं तो खीरा का उपयोग करें। खीरा बहुत ही आसान घरेलू उपाय है क्योंकि ये सुपरमार्केट में आसानी से मिल जाता है। इसे लाना और इस्तेमाल करना बहुत ही आसान होने के साथ साथ यह कम पैसों में मिलने वाला और कठोर केमिकल से मुक्त उपाय है। इसके अलावा आप कई अन्य घरेलू उपायों को भी अपना सकते हैं।

### अन्य उपाय

कॉकरोच की समस्या लगभग सभी घरों में होती है। कॉकरोच को दूर भगाने के लिए 2 बड़े चम्मच बोरिक पाउडर और 2 बड़े चम्मच गेहूं के आटे को दूध में मिलाकर गूंथ लें। इनकी छोटी गोलियां बनाकर जिस जगह कॉकरोच हों वहां रख दें। लौंग को हम खाना बनाते समय इस्तेमाल करते हैं लेकिन आप इसे कॉकरोच से छुटकारा पाने के लिए भी प्रयोग कर सकती हैं। किचन कैबिनेट के अंदर थोड़ा लौंग रख दीजिए और फिर देखिए कि ये कैसे भागते हैं।

# आमजन को पानी मिले: जनता जलमिशन योजना का हुआ आगाज

## धनापुरा में मंत्री ने किया पानी टंकी निर्माण का शिलान्यास

## जोराराम कुमावत ने सीसी रोड व टीन शेड का किया लोकार्पण

जयपुर टाइम्स





**सुमेरपुर(निसं.)।** पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत अपने दो दिवसीय प्रवास के तहत सुमेरपुर पहुंचे। उन्होंने बुधवार को सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बामनेरा के गांव धनापुरा में जवाई बांध आधारित पेयजल परियोजना (कलस्टर-1) के अंतर्गत उच्च जलाशय पानी की टंकी के निर्माण कार्य का विधिवत रूप से शिलान्यास किया। इस दौरान मंत्री कुमावत ने कहा कि इस टंकी के निर्माण के बाद आने वाले समय में गांव में स्वच्छ एवं निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। कुमावत ने ग्रामीणों को बताया कि सरकार गरीब,युवा, अन्नदाता एवं नारी सहित सभी वर्गों का ध्यान रखकर योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में सभी वर्गों को लाभ दिया गया है। बजट में की गई घोषणाओं को यथाशीघ्र धरातल पर उतारने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध होकर काम कर रही हैं, जिसका जनता को सीधा फायदा मिल सके। साथ ही उन्होंने इसी गांव में राजकीय उच्च प्रा.विद्यालय में एसएफसी के तहत आवंटित 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित टीन शेड तथा वार्ड नं.-8 में नवनिर्मित सीसी रोड का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह,भाजपा जिलामंत्री पूनम सिंह परमार,मंडल अध्यक्ष हड़वंत सिंह,वरिष्ठ कार्यकर्ता भरत सिंह राजपुरोहित, प्रशासक एडवोकेट रमणिक त्रिवेदी, एसडीएम कालूराम कुम्हार,तहसीलदार दिनेश आचार्य, सीबीईओ भवानी सिंह राणावत, आरएसईबी के एक्सईएन अशोक मीणा,एसीबीईओ रविंद्र त्रिवेदी मौजूद थे। इस दौरान ग्रामीणों ने मंत्री जोराराम कुमावत का भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने मंत्री को गांव की अनेक समस्याओं के बारे में अवगत कराया। जहां मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए समाधान का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# किशोरों के सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य के लिए चलेगा विशेष अभियान

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** राज्य में किशोर किशोरियों के सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को संवारने तथा ग़लाकाट प्रतिस्पर्धा के चलते आत्महत्या के मामलों पर रोक लगाने के लिए राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान को लेकर राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण संस्थान जयपुर में जिले के विभिन्न अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि प्रशिक्षण के जिला स्तर से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ सुमित मित्तल, जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण कुमार अवस्थी तथा राखी शर्मा ने भाग लिया। इस अभियान हेतु राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ द्वारा मनदर्पण नाम से इस अभियान के संचालन का प्रस्ताव तैयार किया गया है। अभियान के अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालय, कोचिंग सेंटर था अन्य प्लेटफार्म पर किशोर किशोरियों, युवाओं, शिक्षकों तथा अभिभावकों से बेहतर मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# भारतीय सेना के सम्मान में कुचामन में निकली विशाल तिरंगा यात्रा

जयपुर टाइम्स



**कुचामन सिटी(निसं.)** भारतीय सेना के वीर जवानों के सम्मान में भाजपा द्वारा कुचामन शहर मै तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया यह तिरंगा यात्रा भारत के वीर जवानों के सम्मान में वह भारतीय सेवा द्वारा अभी हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष में निकाली गई थी इस यात्रा में नावां विधायक व राजस्थान सरकार के राजस्व मंत्री विजय सिंह चौधरी ने यात्रा का शुभारंभ किया यात्रा कुचामन शहर के डूंगरी वाले बालाजी से बालाजी महाराज की पूजा अर्चना करने के बाद में शुरू की गई जो शहर के मुख्य दरवाजा धान मंडी गोलपाऊं पुराना बस स्टैंड होते हुए कुचामन के कनोई पार्क में रैली के पहुंचने के बाद में राज्य मंत्री द्वारा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर पुष्प माला पहनाई गई वह यात्रा का समापन किया गया इस अवसर पर राजस्थान सरकार के राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी ने मीडिया से रूबरू होते बताया कि भारत देश मजबूत हाथों में है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर ऊंचाइयों को छू रहा है वह भारत के दुश्मनों वह सारे विश्व को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बता दिया जो भारत की तरफ आंख उठाकर देखेगा उसे भारत छोड़ा नहीं जाएगा तिरंगा यात्रा में सैकड़ो की संख्या के अंदर है शहर वासी सहित ग्रामवासी मौजूद थे। संपूर्ण तिरंगा यात्रा में पूरा माहौल देशभक्ति में लबालब था युवा भारत माता की जय भारत सेना के जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे

### यह रहे मौजूद

तिरंगा यात्रा में राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी नगर प्रतिपक्ष नेता अनिल मेड़तिया पार्षद विक्रम राजोरिया सुरेश सिखवाल ताराचंद कुमावत भाजपा नेता मनोहर सिंह रूपुरा विजय सिंह पलाड़ा देवीलाल दादरवाल मोहनलाल दादरवाल राजेंद्र कुमावत मूलचंद बागड़ा आनंद व्यास रवि भार्गव अंकित कुकनवली डॉ गोविंद राम चौधरी अंकुर जैन जयप्रकाश शर्मा बरखा रानी जैन राजकुमार फौजी जय खुड़ीवाल सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शहर वासी उपस्थित रहे।

# विशेष अभियान के तहत श्री अन्नपूर्णा रसोई से लिए खाद्य पदार्थों के नमूने

जयपुर टाइम्स







**धौलपुर(निसं.)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर के निर्देशानुसार आगामी 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के उपलक्ष में पांच दिवसीय विशेष अभियान की शुरूआत की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के तहत 2 से 7 जून तक प्रत्येक दिन अभियान चलाकर आमजन को सुरक्षित एवं पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जाएंगे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि खाद्य सुरक्षा दिवस के विशेष अभियान के तहत जिले में संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई निहालगंज, श्री अन्नपूर्णा रसोई सब्जी मंडी, सैंपऊ रोड तथा जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में संचालित कैंटीन का निरीक्षण कर सुजी और स्ट्रीट वेंडर्स के चार नमूने लिए जिनमें तीन यूज्ड कुकिंग ऑयल एवं एक बेसन के लड्डू का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अन्नपूर्णा रसोई स्ट्रीट वेंडर्स बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन के नज़दीक फूड वेंडर्स अस्पताल कैंटीन को निरीक्षण किया जा रहा है अभियान 7 जून तक लगातार चलेगा। अभियान के तहत खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा तथा आमजन के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**धौलपुर (निसं.)।**220 केवी जीएसएस धौलपुर पर 132 एवं 33 केवी 40, 50 मार्सन्स ट्रांसफॉर्मर का मरम्मत व रख-रखाव का कार्य होने के कारण 5 जून को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशाषी अभियन्ता 220 केवी जीएसएस राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड संध्या चौहान ने बताया कि 33 केवी डांग बसई के सरानीखेड़ा, करीमपुर, जाकी तथा 33 केवी सैपऊ के सैपऊ ग्रामीण, बसई नवाब एवं तसीमो फीडरों की 5 जून को प्रातः 7.30 बजे से 11.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत श्यामपुरा पंचायत समिति बिजौलिया (भीलवाड़ा)

क्रमांक - म.गा.नरेगा / सामग्री क्रय / 2025-26/05 दिनांक-02/06/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या- 2025-26/02**

ग्राम पंचायत श्यामपुरा पं.स. विजौलिया में महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं अन्य ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत विकास कार्यो के लिये वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्माण सामग्री एवं उपकरण इत्यादि की आपूर्ति जी शिड्यूल अनुसार आवश्यक निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम के तहत पंजीकृत संवेदकों एवं विनिर्मिताओं से दर संविदा ई-टेण्डर की प्रिं या द्वारा ऑनलाईन निविदा नियमानुसार आमंत्रित की जाती हैं ।

NIB- ZBL2526A0501
UBN-WBL2526GLOB01029

निविदा की अन्य विस्तृत जानकारी व विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं Download कर प्राप्त की जा सकती हैं

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत, श्यामपुर**
**पंचायत समिति बिजोलियाँ**

**सरंपच**
**ग्राम पंचायत, श्यामपुर**
**पंचायत समिति बिजोलियाँ**

## सूचना

सूचित किया जाता है एक मालवाहक वाहन संख्या आर जे 02 जीसी 6631 और कार संख्या आरजे 02 सीएफ 3090 जो कि मेरे पति नवल सिंह निवासी गांव तुलेडा अलवर के नाम पंजीकृत है मेरे पति नवल सिंह का देहांत 10 मार्च 2025 को हो गया है अब इन वाहनों की मैं उषा देवी पत्नी स्व.नवल सिंह इकलोती वारिस हूं। मैं इन दोनो वाहनों को अपने नाम पंजीकृत करवा रही हूं अगर किसी को आपत्ति है तो तीन दिवस के अन्दर जिला परिवहन अधिकारी अलवर के सामने उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज कराएं-सूचित कर्ता उषा देवी पत्नी स्व.नवल सिंह

## नाम परिवर्तन

मेरे आधार कार्ड, राशन कार्ड, पैन कार्ड, मूल निवास आदि में मेरा सही नाम भोजाराम है। जबकि मेरी कक्षा 10 वीं की अंकतालिका में मेरा भूलवश नाम रामदेव दर्ज हो गया। जबकि दोनों मेरे ही नाम है। अब भविष्य में मेरे को भोजाराम के नाम से जाना पहचाना जाए।

**भोजाराम पुत्र हनुमान**
**निवासी लूणासर तहसील भानीपुरा जिला चूरू (राज.)**

## Name Change

Earlier my name was Ramniwas. Now, I shall be known as Ramniwas Sahu.Ramniwas Sahu, S/o Gangaram SahuAddress: Thiriyasar Gajusar, Tehsil Sardarshahar, District Churu (Rajasthan)

## कार्यालय ग्राम पंचायत लालगढ़

### पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांक- ग्रापं लालगढ़/2025-26/41-45 दिनांक- 03.06.2025

**निविदा सूचना संख्या 04/2025-26**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | WSP निर्माण कार्य कब्रिस्थान के पास लालगढ़ | 1000000 | 20000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 04.06.2025 दोपहर 06.00 बजे से 16.06.2025 दोपहर 2 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी.डी./बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 16.06.2025 दोपहर 3 बजे से | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 16.06.2025 दोपहर 1 बजे तक | |

उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp. rajasthan. gov.in पर से NIB code ZCR2526A0350 and UBN is: ZCR2526WSOB00558 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत लालगढ़**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत लालगढ़**

## कार्यालय ग्राम पंचायत लालगढ़,

### पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांक - G. P. LALGARH / 2025-26 / E-TENDER/29-35 दिनांक - 30.05.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 03/2025-26**

ग्राम पंचायत लालगढ़ में वर्ष 2025-26 के लिये महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं अन्य ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज की योजनाओं के लिये निर्माण सामग्री ₹ य हेतु ई- निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्तें www.eproc.rajasthan.gov.in पर www. sppp. rajasthan.gov.in पर NIBNo. - ZCR2526A0329 तथा UBNNo. ZCR2526GLOB00532 देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत लालगढ़**
**पंचायत समिति बीदासर चूरू**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत लालगढ़**
**पंचायत समिति बीदासर चूरू**

## कार्यालय ग्राम पंचायत ईयारा,

### पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांक - G.P.IYARA / 2025-26 / E-TENDER/37-43 दिनांक - 31.05.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 03/2025-26**

ग्राम पंचायत ईयारा में वर्ष 2025-26 के लिये महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं अन्य ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज की योजनाओं के लिये निर्माण सामग्री ₹ य हेतु ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है । निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्तें www.eproc.rajasthan.gov.in पर www. sppp. rajasthan.gov.in पर NIBNo. - ZCR2526A0339 तथा UBNNo. ZCR2526GLOB00542 देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत ईयार**
**पंचायत समिति बीदासर चूरू**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत ईयार**
**पंचायत समिति बीदासर चूरू**

## कार्यालय ग्राम पंचायत लालगढ़

### पंचायत समिति बीदासर

क्रमांक: ग्रा.प./खु.नि./ 2025-26/36-40 दिनांक- 30.5.2025

**खुली निविदा सूचना संख्या 03 ( वित्तीय वर्ष 2025-26 )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लालगढ़ के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नालियों की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुकजी.एस.टी.पंजीकृत निविदादाताओं/ फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है । निविदा फार्म / शर्तें कार्यालय में तथा SPPP पोर्टल पर उपलब्ध है।

| क.सं. | बोली का विवरण | अनुमानित लागत राशि रू मे | बोली प्रतिभूमि राशि (रू में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रूपये) में | बोली प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड शुरू करने की प्रारम्भ दिनांक एवं समय | प्रोसेसिंग शुल्क निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की तिथि व समय | ऑनलाइन निविदा खोलने कि तिथी व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ग्राम पंचायत लालगढ़ के गावों में चार माह हेतु घर-घर (आवासीय एवं व्यवसायिक) से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, सड़क, दूकानों के आगे सफाई, व नालीयों की सफाई तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य | 920560 | 18500 | 500 | दिनांक 31.5.2025 से साय 6.00 बजे सें दिनांक 9.6.2025 दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 9.6.2025 समय 02.00 बजे | दिनांक 9.6.2025 साय 4.00 बजे |

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदा शुल्क, अमानत राशि का डी.डी./ बैंकर चैक एवं अन्य वांछित दस्तावेज निविदा के साथ संलग्न करने होंगे ।
2. निविदा आमंत्रण की विस्तृत सूचना मय बोली दस्तावेज ग्राम पंचायत लालगढ़ कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल https://eproc.rajasthan.gov.in एव http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा व प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा प्रपत्र शुल्क व अमानत राशि का डी. डी. / बैंकर चैक प्रशासक ग्राम पंचायत लालगढ़ के नाम बनाना होगा।
4. किसी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।
5. बोलीदाता / संवेदक बंद लिफाफे पर ग्राम पंचायत लालगढ़ का नाम लिखकर एवं टेण्डर की कॉपी नियमानुसार कार्यालय ग्राम पंचायत लालगढ़ कार्यालय में जमा करावें ।

NIB code ZCR2526A0330 UBN is: ZCR2526SSOB00533

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत लालगढ़**
**पं. स. बीदासर (चूरू)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत लालगढ़**
**पं. स. बीदासर (चूरू)**

## सेठ शिवदत्त राय स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट परिणाम

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनू/बड़ागांव(निस)।** सेठ शिवदत्त राय हिंदी व इंग्लिश मीडियम स्कूल में मंगलवार देर शाम 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में सफल छात्रों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि एडीपीसी झुंझुनूं जयदीप झाझड़िया रहे। अध्यक्षता कार्यवाहक सरपंच शारदा कंवर ने की। विशिष्ट अतिथि शिवनाथ राय टीबड़ेवाल और पूर्व सरपंच संतोष सैनी मौजूद रहे। स्कूल चेयरमेन इंद्र करण अग्रवाल ने कहा 99%से95% तक के विद्यार्थियों की फीस कॉपी किताब सब फ्री और निदेशक महीपाल सिंह महला ने अतिथियों का स्वागत किया। छात्रा शाना चोपदार को 99.33% अंक लाने पर लैपटॉप प्रदान किया गया। बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण साक्षी, अनुष्का, पलक, निशा, नेहा, कीर्ति, अनिल कुमार, राजेंद्र, सोनू, हर्षित, निशिका आदि 13 छात्र-छात्राओं को टेबलेट, स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया। चेयरमेन इंद्रकरण अग्रवाल ने बधाई दी। निदेशक महीपाल सिंह महला ने परीक्षा परिणाम की जानकारी दी। प्रिंसिपल डॉ. अनुसिंह ने आभार जताया। संचालन पीटीआई सत्यवीर झाझड़िया ने किया। दिनेश टीबडेवाल, रामनिवास समाजसेवी, प्रधानाध्यापक ओमनारायण, पूर्ण सिंह, रामस्वरूप हासलसर आदि लोग मौजूद रहे।

## पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्ति का दिया संदेश



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** विश्व पर्यावरण दिवस की और वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान से पहले बुधवार को जिले में पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्ति का संदेश देते हुए युवाओं,? खिलाड़ियों, स्काउट्स व गाईड्स ने दौड़ लगाई। जिन्हें जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वन विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस 'रन फॉर एन्वायरमेंट' कार्यक्रम की थीम प्लास्टिक से मुक्ति थी। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने कहा कि पृथ्वी को बचाने के लिए प्लास्टिक से मुक्ति आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को इसके लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर मीणा ने पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति की शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र सूबेदार मेजर आजाद सिंह शेखावत रहे, जो प्लास्टिक मुक्ति का संदेश देने के लिए सिर पर कांच की बोतल रखकर दौड़े। इस दौरान उप वन संरक्षक उदाराम सियोल, जिला परिषद के एसीईओ रामनिवास, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सुधीर यादव, सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक नेनूराम गहनोलिया, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझड़िया, जिला युवा अधिकारी मधु यादव, सीओ गाईड सुभिता गिल, एईएन अमित चौधरी समेत अनेक अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विजय हिंद जालिमपुरा ने किया। रन फॉर एन्वायरमेंट में रन फॉर एनवायरमेंट बालिका वर्ग में रेखा विजेता रही, वहीं बालक वर्ग में रौनी वर्मा प्रथम, अमित कुमार द्वितीय, राजवीर जाट तृतीय रहे। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने इन्हें बधाई दी। विजेताओं को गुरुवार को होने वाले कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

## गायत्री जयंती महोत्सव पर निकाली कलश यात्रा



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** गायत्री जयंती महोत्सव व ज्योति कलश रथ यात्रा के उपलक्ष में शहर के वार्ड नंबर 37 में स्थित स्थानीय गायत्री मंदिर की समिति की ओर से आयोजन के तहत बुधवार को सुबह मोदी स्कूल के सामने रथ यात्रा का स्वागत किया गया। जिसके पश्चात परशुराम सर्किल से गायत्री मंदिर तक कलशयात्रा आयोजित की गई। कलश यात्रा के दौरान करीब 150 महिलाएं मंगल कलश लिए चल रही थी तो वही शहर के नागरिक व गायत्री मंदिर समिति के कार्यकर्ता व पदाधिकारी भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा परशुराम सर्किल से प्रारंभ हो कर मुरली मनोहर मंदिर, चौपड़ बाजार, कबूतरियां सहित शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए गायत्री मंदिर पहुंची जहा पर कलश यात्रा का समापन किया गया। कलश यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने मंगलवार को तीन स्कूलों का निरीक्षण किया। अशोक कुमार शर्मा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंडावा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हनुमानपुरा, बहादुरवास व भोजासर के विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में सर्वे कार्य की प्रगति का अवलोकन कर साक्षरता सर्वे में तेजी लाने व असाक्षरों की कक्षाओं का सुचारु रुप से संचालन करने के निर्देश दिए। इसके साथ -साथ विद्यालय में नामांकन वृद्धि के लिए प्रयास करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान उत्तम दाधीच संदर्भ व्यक्ति व मूलसिंह शेखावत ब्लॉक साक्षरता समन्वयक भी साथ रहें।

# झुंझुनूं में युवाओं ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

### 'रन फॉर एन्वायरमेंट' और पर्यावरण जन जागरूकता रैली निकाली

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं में 'रन फॉर एन्वायरमेंट' और पर्यावरण जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, खिलाड़ियों, स्काउट्स और गाइड्स ने भाग लिया।

प्रदेश सरकार के वर्षा जल संरक्षण अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ा (5 से 20 जून) का झुंझुनूं में बुधवार को भव्य आगाज हुआ। इस अवसर पर 'रन फॉर एन्वायरमेंट' और पर्यावरण जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, खिलाड़ियों, स्काउट्स और गाइड्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वर्ण जयंती स्टेडियम से सूचना केंद्र तक आयोजित इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना और पृथ्वी को सुरक्षित रखने का संकल्प लेना था। यह आयोजन वन विभाग और राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

#### 'जल, जंगल और जमीन का संतुलन जरूरी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जल, जंगल और जमीन के संतुलन के बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। बढ़ते प्रदूषण, वनों की कटाई और गंभीर जल संकट के कारण पृथ्वी के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। कलेक्टर ने युवाओं से जल संरक्षण और पर्यावरण के प्रति सजग रहने और समाज को भी जागरूक करने की अपील की।

#### वर्षा जल संचयन पर विशेष ज़ोर

कलेक्टर मीणा ने वर्षा जल संचयन को प्रत्येक व्यक्ति की प्राथमिकता बताया। उन्होंने सरकार की मंशा स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रदेश के हर गांव और शहर में वर्षा जल की एक-एक बूंद को संरक्षित किया जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को जल संकट का सामना न करना पड़े। पर्यावरण दिवस को केवल एक दिन का आयोजन न मानकर इसे एक व्यापक जनांदोलन का रूप दिया जाना चाहिए। पखवाड़े भर चलेंगे जागरूकता कार्यक्रम वन संरक्षक उदाराम सियोल ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़े के दौरान झुंझुनूं जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इनमें स्कूलों में पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, वृक्षारोपण और रैलियों का आयोजन शामिल है। सियोल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी से ही यह संभव है।

#### शैक्षणिक संस्थानों में रचनात्मक प्रतियोगिताएं

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सुधीर यादव ने जानकारी दी कि 20 जून तक जिले के विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों, जैसे पीरूसिंह राउमावि, महात्मा गांधी राउमावि खिदरसर, राउमावि भारू और राउमावि आबूसर में रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति चेतना विकसित करना है। यादव ने इस बात पर जोर दिया कि स्कूल स्तर से ही पर्यावरण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के समापन पर 'रन फॉर एन्वायरमेंट' दौड़ में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में विभिन्न विभागों के अधिकारी, पर्यावरण प्रेमी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन भी उपस्थित रहे।

## झुंझुनूं में स्कॉर्पियो चुराने वाली गैंग एक्टिव, कांच तोड़कर वारदात

### 4 जगह पर चोरी की कोशिश नाकाम हुई; संदिग्ध स्विफ्ट कार सीसीटीवी में नजर आई

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं शहर में स्कॉर्पियो चोरों का एक गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। बीती रात चोरों ने हाउसिंग बोर्ड और शास्त्री नगर इलाकों में चार स्कॉर्पियो को निशाना बनाया। हालांकि वे सफल नहीं हो पाए, लेकिन एक गाड़ी से लैपटॉप और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। यह घटना तब सामने आई जब चोरों ने सबसे पहले हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में तीन स्कॉर्पियो को निशाना बनाया। रवि चौधरी की स्कॉर्पियो से चोरों ने खिड़की तोड़कर लैपटॉप, दस्तावेज और अन्य कीमती सामान चुरा लिया। हालांकि, वे गाड़ी स्टार्ट नहीं कर पाए और उसे लेकर भागने में असफल रहे। इसके बाद, चोरों ने शास्त्री नगर क्षेत्र में एक और स्कॉर्पियो चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन स्थानीय निवासियों की सतर्कता के कारण उन्हें भागना पड़ा। पीड़ित रवि चौधरी ने कोतवाली थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी और सुबह उन्हें टूटी हुई खिड़की और लैपटॉप गायब मिला। उन्होंने यह भी बताया कि घटना स्थल पर RJ 23 नंबर की एक संदिग्ध गाड़ी देखी गई थी। इस संदिग्ध गाड़ी और चोरी के पूरे प्रयास की तस्वीरें और वीडियो पास के एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं।

#### एसयूवी चुराने वाली गैंग

कोतवाली पुलिस के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह एक संगठित गिरोह हो सकता है जो विशेष रूप से स्कॉर्पियो जैसी महंगी एसयूवी गाड़ियों को निशाना बना रहा है। झुंझुनूं और आसपास के इलाकों में पहले भी स्कॉर्पियो चोरी की कई ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

## मर्डर के मामले में हिस्ट्रीशीटर सहित 3 गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं के संजय नगर में 30- 31 मई की मध्यरात्रि को एक परिवार पर हुए जानलेवा हमले और युवती अंजु कंवर की हत्या के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। मामले में एक हिस्ट्रीशीटर सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार, 30-31 मई की दरमियानी रात करीब 12.30 बजे कुछ युवक खेतड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढाणी कुछाला तन संजय नगर स्थित लीलासिंह के घर में घुस गए। बदमाशों ने परिवार पर हमला कर दिया। हमलावरों ने लक्ष्मी देवी, उनकी पुत्री अंजु कंवर और पुत्र मोहित सिंह के साथ बेरहमी से मारपीट की। परिजनों के शोर मचाने पर लीलासिंह के ऊपर से नीचे आने पर हमलावर वहां से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल अंजु कंवर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जिससे यह मामला हत्या में बदल गया। सूचना पर खेतड़ी थानाधिकारी रणजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई। इन टीमों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों की धरपकड़ शुरू की। अलग-अलग स्थानों से आरोपियों को दस्तयाब किया। हिस्ट्रीशीटर सचिन उर्फ बच्चिया सहित तीन गिरफ्तार मामले में मुख्य आरोपी और थाना खेतड़ी के हिस्ट्रीशीटर सचिन उर्फ बच्चिया (25) को जयपुर शहर से गिरफ्तार किया। उसके दो अन्य साथी आकाश कुमार यादव (19) और आकाश सिंह निर्वाण (20) को सीकर जिले के नाथा की नांगल क्षेत्र से पकड़ा। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, 31 मई को चौमूं स्थित बलारा अस्पताल में उपचाराधीन लक्ष्मी देवी ने पुलिस को दिए बयान में पड़ोसी सचिन उर्फ बच्चिया और उसके साथियों पर घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाया था। हत्या की धारा जोड़ी गई घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया और गहनता से साक्ष्य एकत्र किए। अंजु कंवर की मौत के बाद केस में हत्या की धारा (302 आईपीसी) जोड़ी गई और शव का पोस्टमॉर्टम राजकीय उप जिला अस्पताल, चौमूं में करवाया गया। कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक देवेंद्र राजावत ने बताया कि वारदात में शामिल अन्य फरार आरोपियों और प्रयुक्त वाहनों की तलाश अभी जारी है। उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ठाकुर केसरी सिंह की छठी पुण्यतिथि मनाई

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** डेजर्ट रिजॉर्ट में बुधवार को ठाकुर केसरी सिंह की छठी पुण्यतिथि मनाई गई। उपस्थित जनों शेखावाटी क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने वाले केसरी सिंह की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर व 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर गीतांजलि बाईसा ने कहा कि वर्तमान समय में जातिवाद का जो जहर एक समाज का दूसरे समाजों के ऊपर चल रहा है व पतन का कारण बन रहा है, दाता हमेशा जातिवाद के घोर विरोधी थे वे हमेशा सभी 36 कॉम के लोगों के भलाई व विकास के कार्य करते थे, उन्होंने अपने जीवन काल में मंडावा के विकास व आमजन के लिए बहुत सारे कार्य करवाएं थे, परंतु कुछ कार्य जो अधूरे रह गए उन कार्य को हम सब मिलकर पूरा करने का प्रयास करेंगे। मंडावा को पर्यटन के क्षेत्र में विश्व पटल पर विकसित करना, वर्तमान समय में मंडावा में सरकारी कॉलेज खुलवाना, उच्च स्तरीय आधुनिक सुविधा युक्त लाइब्रेरी, सरकारी हॉस्पिटल में सभी डॉक्टर्स की नियुक्ति, मंडावा में बारिश के समय में पानी भराव की समस्या से निदान, मंडावा के विकास के लिए एक सर्व समाज का प्रतिनिधिमंडल का गठन करके उच्च स्तर पर उनका समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा। ठाकुर केसरी सिंह सर्किल का जल्द ही लोकार्पण किया जाएगा जिस पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को आमंत्रित कर एक बड़े स्तर पर कार्यक्रम रखा जाएगा। इस दौरान शिक्षाविद् भोला सिह यदुवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, पूर्व भाजपा जिला मंत्री संदीप शर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष सज्जन मिश्रा, पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी, बाबूलाल सैनी, अमर सिंह दीनवा, पालिका उपाध्यक्ष नवाब खत्री, राजेंद्र सिंह पंवार, सुभाष टेलर, किशोर थलिया, शिशपाल यादव, पार्षद संदीप परिहार, सतार राईन, अयुब खत्री, गोविंद जोशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, झुंझुनूं युवा राजपूत महासभा अध्यक्ष दलीप सिंह वाहिदपुरा, भंवर सिंह परिहार, कैलाश शर्मा, सुभाष यादव, जमील लीलगर, ज्ञानचंद कुमावत सहित कई लोग मौजूद रहे।

## बेटी से रेप, सौतेले पिता को 20 साल की सजा, कोर्ट ने 52 हजार का लगाया जुर्माना

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** नाबालिग सौतेली बेटी से रेप के दोषी पिता को पोक्सो कोर्ट ने 20 साल की सजा सुनाई है। विशिष्ट न्यायाधीश इशरार खोखर ने आरोपी पर 52 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने आदेश दिए कि विभिन्न धाराओं में सुनाई गई अन्य सजाएं भी साथ-साथ चलेंगी।

**यह था मामला**

झुंझुनूं जिले के एक गांव की महिला ने 3 सितंबर 2023 को पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, उसने रिपोर्ट में बताया था कि 2 सितंबर 2023 की दोपहर को उसकी नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी, जबकि वह खुद कॉलेज में काम करने गई हुई थी। आरोपी पति भी काम पर गया हुआ था, लेकिन वह शराब के नशे में घर लौट आया और अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। जब पीड़ित नाबालिग ने शोर मचाया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट भी की और जान से मारने की धमकी दी कि वह अपनी मां को कुछ नहीं बताए। पीड़ित लड़की आरोपी की दूसरी पत्नी की बेटी है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच के बाद आरोपी के खिलाफ पॉक्सो न्यायालय में चालान पेश किया।

**कोर्ट में 11 गवाह और 30 डॉक्युमेंट्स किए पेश**

राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेंद्र सिंह भांबू ने इस्तगासा पक्ष की तरफ से कुल 11 गवाहों के बयान दर्ज करवाए और 30 दस्तावेज पेश किए। न्यायालय में उन्होंने तर्क दिया कि यह एक बेहद गंभीर अपराध है और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। न्यायाधीश ने पत्रावली पर मौजूद साक्ष्यों की गहन स्टडी करते हुए आरोपी को यह सजा सुनाई है। न्यायालय ने अन्य विभिन्न धाराओं में भी सजा और जुर्माने से दंडित करते हुए यह भी आदेश दिए कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

# क्रिकेट सट्टेबाजी नेटवर्क का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

### राउटर को बिना सिम नेटवर्क से जोड़ सट्टा खेल रहे थे, 10.40 लाख और करोड़ों का हिसाब बरामद

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** शहर के वसुंधरा नगर में एक बड़े ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) और थाना कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर तीन आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई तब की गई जब आरोपी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच चल रहे मुकाबले पर सट्टा लगा रहे थे। पुलिस ने मौके से 10,40,350 नकद, 29 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप सहित बड़ी मात्रा में सट्टा सामग्री बरामद की है, साथ ही तीन करोड़ तक के सट्टे के हिसाब का भी खुलासा हुआ है। कोतवाली पुलिस को गोपनीय सूचना मिली थी कि वसुंधरा नगर स्थित अनिल श्योराण के मकान में कुछ लोग क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगा रहे हैं। सूचना पर एसआई प्यारेलाल और एजीटीएफ के हेड कांस्टेबल विक्रम सिंह व एएसआई ओमप्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश दी। मकान की दूसरी मंजिल से टीवी पर चल रहे मैच की आवाज आ रही थी। पुलिस को कमरे में तीन व्यक्त मिले। पुलिस को देख वे घबरा गए। पूछताछ में उन्होंने ऑनलाइन सट्टा लगाने की बात स्वीकार कर ली।

#### 3 करोड़ तक के सट्टे का हिसाब बरामद

पुलिस को मौके से बरामद रजिस्टरों और डायरियों से आरोपियों के पास लगभग रुपए तीन करोड़ तक का सट्टा हिसाब दर्ज मिला है, जो इस बात का संकेत है कि आरोपी लंबे समय से संगठित रूप से यह अवैध कार्य कर रहे थे। बरामद सामग्री में एक लैपटॉप, चार्जर, 29 मोबाइल फोन, दो कैलकुलेटर, दो एलईडी टीवी, एक स्पीकर, एक वाईफाई राउटर, 10 रजिस्टर, पांच डायरी, एक पैन, बिजली का बोर्ड, आठ मोबाइल चार्जर और 10,40,350 नकद शामिल हैं। तीनों आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वे सट्टे के भाव बताकर लोगों को दांव लगाने के लिए प्रेरित करते थे और लाइव क्रिकेट आंकड़ों का दुरुपयोग कर धोखाधड़ीपूर्वक लाभ प्राप्त करने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस इस नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी किन-किन अन्य लोगों से जुड़े हुए थे और इस सट्टा गिरोह का नेटवर्क किन राज्यों तक फैला हुआ है। पुलिस आशंका जता रही है कि इस नेटवर्क में कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं।

#### आरोपियों की पहचान और सट्टा संचालन का तरीका

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनिल कुमार पुत्र अमरचंद (निवासी डाबली की ढाणी, चूरू), जितेंद्र पुत्र रामचंद्र (निवासी बिबासर, झुंझुनूं) और इंतजार अली पुत्र अजाज अली (निवासी क्यामसर, झुंझुनूं) के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि ये तीनों आरोपी लैपटॉप के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित कर रहे थे। वे मोबाइल फोन के जरिए सट्टे के भाव प्रसारित करते और रजिस्टर में सट्टे की खाईवाली का हिसाब भी दर्ज करते थे।

#### तकनीकी माध्यम से नेटवर्क का संचालन और छिपाने का प्रयास

आरोपी एक-दूसरे से संपर्क के लिए 'जूम ऐप' का उपयोग करते थे और इसे वाईफाई राउटर के माध्यम से चला रहे थे। खास बात यह थी कि इस राउटर को बिना सिम के नेटवर्क से जोड़कर सट्टे खेला जा रहा था। इस तकनीकी से वे अपने अवैध नेटवर्क को छिपाने की कोशिश कर रहे थे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
5 जून, 2025

# जल स्वावलम्बन पखवाड़ा 5 से 20 जून तक

जयपुर टाइम्स

तारानगर(निस)। वन्दे गंगा-जल संरक्षण महाअभियान और योग दिवस को लेकर सूचना व प्रौद्योगिकी विभाग के जनसुनवाई कक्ष में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ उपखंड अधिकारी राजेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां दी। उन्होंने वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान पखवाड़े के सफल आयोजन, जल स्रोतों की सफाई और अन्य कार्यक्रमों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने कहा कि जल स्वावलम्बन पखवाड़ा 5 से 20 जून तक आयोजित होगा। वन्दे गंगा-जल संरक्षण महाअभियान के अन्तर्गत राज्य स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक विभिन्न गतिविधियां होगी। यह अभियान जल संरक्षण के माध्यम से राज्य को जल स्वावलम्बी बनाने के लिए चलाया जा रहा है। उपखंड अधिकारी ने बीडीओ को ब्लॉक स्तरीय व ग्राम पंचायत स्तर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध में निर्देश दिए। कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने एवं स्वयंसेवी संस्थाओं एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए। अभियान के दौरान स्प्रिंकलर डेमो फार्म पोंड, पानी की डिग्गी स्वीकृति एवं निर्माण प्रारम्भ, नवीन अमृत सरोवर जल संचय संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। जल स्रोतों की साफ-सफाई की जाएगी। परंपरागत जलाशयों का पुनरुद्धार किया जाएगा। पर्यावरण व जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान में नर्सरी निरीक्षण, वृक्षारोपण और प्लास्टिक मुक्ति की शपथ ली जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्राम प्रतियोगिता और बाल सभा का आयोजन होगा। तालाबों और अन्य जल स्रोतों की सफाई की जाएगी। महिला समूहों और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से जल सेवा की जाएगी। जल परीक्षण अभियान चलाया जाएगा। जागरूकता रैलियां निकाली जाएंगी। मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान और हरियालो राजस्थान अभियान के तहत कार्य होंगे। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जल स्रोतों की मरम्मत की जाएगी। टांकों की सफाई होगी। सड़क किनारे पौधारोपण और वर्षा जल संग्रहण संरचनाओं का गहरीकरण किया जाएगा। क्षेत्रीय वन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि इस महाअभियान के तहत गंगा दशमी व विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरूवार को ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम नेचर पार्क पर आयोजित करके इस अभियान की शुरुआत की जाएगी। पांच जून को ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न गतिविधियां होगी। उपखंड अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने कहा कि जल संग्रहण संरचनाओं एवं जलाशयों की साफ-सफाई के कार्यों में स्वयं सेवी संस्थाओं, राजकीय कर्मचारियों सहित अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर श्रमदान करें। सरकारी कार्यालयों में जल संरक्षण के संबंध में संकल्प कार्यक्रम आयोजित कराए जाएं। स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप भामाशाहों, उद्यमियों, प्रवासी व्यक्तियों के सहयोग से कार्य कराए जाएं। अभियान में सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं का सम्मान भी किया जाए। बैठक में सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### इन विभागों की रहेगी भागीदारी

5 से 20 जून तक उपखंड प्रशासन, वन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वायत्त शासन, जल संसाधन, ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग, जल ग्रहण विकास व भू संरक्षण, पीएचईडी, कृषि व उद्यान विभाग, भू-जल, उद्योग, पीआरओ, डीओआईटी, स्वयंसेवी संस्था व राजकीय विभागों की ओर से जल संरक्षण महाअभियान के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियां होगी।

## बेटी अंशिका ने जीता स्वर्ण पदक

जयपुर टाइम्स



तारानगर(निस)। तमिलनाडु में आयोजित हुई 25 वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर वुशू प्रतियोगिता में 36 किलोग्राम भारवर्ग में तारानगर की बेटी अंशिका शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक जीतने पर चूरू वुशू संघ के पदाधिकारियों ने अंशिका शर्मा को शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

## होनहारों को मिलेगी छात्रवृति और प्रोत्साहन राशि

जयपुर टाइम्स

सुजानगढ़(नि.सं.)। शाकद्वीपीय ब्राह्मण उच्च शिक्षा समिति बीकानेर की ओर से शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज की प्रतिभाओं को छात्रवृत्ति व प्रोत्साहन पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी। समिति के चूरू ज़िला संयोजक गिरधर शर्मा ने बताया कि इस योजनांतर्गत शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के नीट व जेईई की कोचिंग प्राप्त करने वाले चयनित ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 35-35 हज़ार की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिन्होंने कक्षा 10 की परीक्षा में 90 प्रतिशत या इससे अधिक अंकों से पास की है और जो आर्थिक रूप से कमजोर हो। गिरधर शर्मा ने बताया कि जिन छात्र छात्राओं ने कक्षा 10 की परीक्षा 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक से उत्तीर्ण की है, वे प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए 15 जून तक आवेदन कर सकते हैं। श्रेष्ठ प्राप्तांक से चयनित 10 से अधिक विद्यार्थियों को 2500 -2500 रुपये की प्रोत्साहन राशि व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

## खेतों की ओर जाने वाले रास्ते को खुलवाने की मांग



जयपुर टाइम्स

सुजानगढ(नि.सं.)। घोटडा गांव से होकर नेहरा की ढ़ाणी से होकर खेतों की ओर जाने वाले रास्ते को खुलवाए जाने की मांग की गई है। तहसीलदार राजू देवी को इस बारे में रास्ता धारकों ने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपकर बताया है कि खेतों को जाने वाला रास्ता, जो कि सैंकड़ों वर्षों पुराना है, उसे उगम कंवर की ओर से बंद कर दिया गया है, जिससे खेतों में आने-जाने में सबको परेशानी हो रही है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया है कि बारिश हो चुकी है, लेकिन हमें अपने खेत जोतने की ललक है और उगम कंवर की ओर से रास्ता रोके जाने से सभी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अतः खेतों की ओर जाने वाले रास्ते को खुलवाया जाए। ज्ञापन पर बनवारी, मनोज, दुलाराम, डूंगरमल, लिखमाराम, सुलतानाराम, सुरेंद्र, ओमप्रकाश, गोमाराम, देवीदत, लक्ष्मण सहित अनेक लोगों के हस्ताक्षर है।

## सप्तम पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर शिक्षाविद् गुरुजी को किया याद





जयपुर टाइम्स

सरदारशहर(निस)। शहर के श्री आदर्श ग्रुप ऑफ एजुकेशन के विवेकानंद प्रशाल में संस्था के संस्थापक निदेशक शिक्षाविद चतुर्थीलाल लाटा की सप्तम पुण्य तिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया। इस अवसर पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम लाटा के जीवनवृत पर एक डाक्यूमेंट्री दिखाई गई। शिक्षाविद् गिरीश कुमार लाटा ने अपने पिताश्री को याद करते हुए उन्हें शिक्षा क्षेत्र का सिरमौर बताते हुए कहा कि वह न केवल एक श्रेष्ठ शिक्षक थे बल्कि वास्तव में एक गृहस्थ संत थे। कर्मयोगी व युगदृष्टा थे। उन्होंने अपने जीवन का एक एक पल विद्यार्थियों के जीवन को संवारने में समर्पित किया। उन्होंने कहा कि पिताश्री ने जीवन जीने का जो मार्ग सभी को सिखाया है। उस पर चल कर बड़ी से बड़ी मुश्किल को आसानी से परास्त किया जा सकता है। पुष्पांजलि कार्यक्रम में महावीर लाटा, निरंजन लाटा, नारायण लाटा, वैशंपायन लाटा, राधेश्याम बढ़ाढरा, शिवरतन पारीक, सुशील गोस्वामी, हेमलता महर्षि ने भी श्री लाटा के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यालय के स्टॉफ सदस्य, अभिभावकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ था वायरल

### आपस में मारपीट करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



सरदारशहर(निस)। शहर की पुलिस ने 2 जून की शाम को रोडवेज बस स्टैंड पर आपस में मारपीट करने वाले चार जनों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 2 जून की शाम को रोडवेज बस स्टैंड पर कुछ युवक एक दूसरे के साथ मारपीट व हुड़दंग करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामले में पुलिस ने संज्ञान लेते हुए मारपीट व हुड़दंग करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित किया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वार्ड 25 निवासी 50 वर्षीय राजकरण पुत्र बाबूलाल नाई, वार्ड 28 निवासी 36 वर्षीय गोविंद कुमार पुत्र श्यामलाल नाई, 25 वर्षीय दिनेश भाटी पुत्र उम्मेद प्रकाश भाटी और 25 वर्षीय लोकेश पुत्र श्यामलाल खाती को गिरफ्तार किया गया है। वहीं अब चारों को उपखंड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर उपखंड मजिस्ट्रेट के आदेशों पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## बरसात का पानी दुकानों में घुसा, आक्रोशित व्यापारियों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया

जयपुर टाइम्स



सरदारशहर(निस)। शहर में नगरपरिषद की लापरवाही के कारण बुधवार को बरसात का पानी अर्जुन क्लब रोड़ के व्यापारियों की दुकानों में घुसने से काफी नुकसान हुआ है। आक्रोशित व्यापारियों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर नुकसान की भरपाई की मांग की है। व्यापारी शिवदयाल पारीक ने ज्ञापन में बताया कि गत दिनो नगरपरिषद की ओर से सड़कें चौडी करने के लिए चलाये अभियान के दौरान दुकानों के आगे की फुटपाथ को तोडा गया था और नाला बनाने का कार्य शुरू किया गया था। लेकिन कार्य बीच में छोडने के कारण बरसात का पानी दुकानों के अन्दर चला गया। जिससे व्यापारियों को काफी नुकसान उठाना पडा है। ज्यादातर दुकानों के अंडरग्राउंड में पानी घुसा और गटर टूट गए। जिसकी वजह नालियां आधी अधूरी बनाई गई है। क्योंकि जो नालियां बनाई गई वह बीच में छोड़ दी गई और पुरानी नालियों को बंद कर दिया गया। जिसके कारण पानी का आगे निकास नही हो सका। जिसके विरोध में अर्जुन क्लब व्यापारियों की ओर से एसडीएम को ज्ञापन देकर अवगत करवाया गया है। कल तक अगर कार्य शुरू नहीं किया जाता है तो बाजार बंद कर सड़क जाम जैसी कार्रवाई करने पर मजबूर होंगे। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी। ज्ञापन देने वालों में विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष शिवदयाल पारीक, शिवभगवान प्रजापत, बजरंग सोनी, मनोज अग्रवाल, लालचंद चौधरी, राहुल, योगेश राव, गौरीशंकर शर्मा, रूपाराम सारण, राकेश शर्मा व अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## धानुका विद्यालय में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स




रतनगढ़(निस)। श्रीचिरंजीलाल धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर व श्रीदुर्गाप्रसाद धानुका बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में रामगोपाल मुरारका, रामलाल स्वामी, रामावतार शर्मा, जमुनादेवी, परमेश्वर आत्रेय, बीसीएमओ मनीष तिवाड़ी, कन्हैयालाल चौमाल, अमरचंद दायमा मंचस्थ अतिथि रहे। दीप प्रज्जवलन से शुरू हुए कार्यक्रम में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का दुपट्टा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में छात्र अर्जुन ढ़ाका ने 98.60 प्रतिशत, चमन ठठेरा ने वाणिज्य वर्ग में 96 प्रतिशत, चंचल सोनी ने कला वर्ग में 90.40 प्रतिशत, एकता सारस्वत ने वाणिज्य वर्ग में 86.40 प्रतिशत, कक्षा 10 में अनामिका तिवाड़ी ने 94.40, प्रियांशु भार्गव ने 92.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल एवं क्षेत्र का नाम गौरवांवित किया है। रामलाल ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य लोकेश कुमार चौमाल, ताराचंद शर्मा, नागरमल प्रजापत, नरेंद्रकुमार चौमाल, रंजना इंदौरिया, राजेंद्रकुमार शर्मा, कृष्णगोपाल सेवदा, इंद्रचंद तेतरवाल, संजय कटारिया, विष्णु चौधरी, राकेश भार्गव, महेश महर्षि, सुरेंद्र तिवाड़ी, जगदीश स्वामी सहित स्कूल परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश तिवाड़ी ने किया।

## बोर्ड परीक्षाओं में गीतांजलि स्कूल ने रचा इतिहास, टॉपर्स विद्यार्थियों को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स




चूरू(निस)। गीतांजलि पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में शानदार बोर्ड परीक्षा परिणाम रहने पर बुधवार को होनहार विद्यार्थियों का भव्य अभिनंदन किया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक विनय गौतम ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान बैंड-बाजों की धुन पर विद्यार्थी थिरकते नजर आए। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों का पुष्प वर्षा कर, मार्ल्यापण कर, साफा पहनाकर, प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया। इस अवसर पर उपस्थित शहर वासियों ने विद्यालय की ओर से राजस्थान में चूरू का नाम रौशन करने पर इसकी प्रशंसा की। इस दौरान कक्षा 10वीं की छात्रा हितेशिका पंसारी ने 99.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्टेट मेरिट में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के चेयरमैन दामोदर गौतम व शिव कुमार शर्मा ने गोल्ड मेडल पहनाकर इसका सम्मान किया। इसी क्रम में कक्षा दसवीं के छात्र हेमन्त सिवेलिया ने 99, प्रिया सैनी ने 98.67, माही राजपाल ने 97.33, दिशा शर्मा ने 97, गौरव राजपाल ने 96.67, आरव जांगिड़ ने 96.17, याशिका बगड़िया ने 95.77, भवानी प्रजापत ने 95, सलीना एस खान ने 95, सलौनी सैन ने 94, रागिनी शर्मा ने 94, रौनक ने 94, शुभम मौजासिया ने 94, आयूष बालान ने 94, चन्द्रेश जोशी ने 94, यूनिक शर्मा ने 94, कृष्णा भालेरी ने 94, सृष्टि ने 92, दिव्या गुसाई ने 92, आस्था गोस्वामी ने 92, इन्द्रा सैनी ने 92, शुभम शर्मा ने 92, गुंजन वर्मा ने 91, गुनगुन लोहिया ने 91, विनय सुरेलिया ने 91, नीतेश औझा ने 91, प्रिती प्रजापत ने 91, इशित लोहिया ने 91, केवल वर्मा ने 91, पूनम सैन ने 91, विशाखा सोनी ने 90, मंयक महर्षि ने 90, सौरभ शर्मा ने 90, वंशज बजाज ने 90 व तनिष्क शर्मा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व परिजनों का मान बढ़ाया। आरबीएसई 10वीं व 12वीं कक्षा में स्कूल के तीन विद्यार्थी 98 प्रतिशत से ऊपर, 11 विद्यार्थी 95 प्रतिशत से ऊपर, 37 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से ऊपर, 53 विद्यार्थी 85 प्रतिशत से ऊपर, 68 विद्यार्थी 80 प्रतिशत से ऊपर व 137 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी प्राप्त कर चूरू जिले में एक कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय के निदेशक गौरव गौतम ने बताया कि गीतांजलि स्कूल ने विगत ग्यारह वर्षों में बोर्ड परिक्षाओं में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ लगातार चूरू टॉपर दिया है। इस अवसर पर वंदना गौतम, डॉ. नेहा गौतम, राकेश यादव, लिलावती शर्मा, राधेश्याम शर्मा, कृष्णा वर्मा, अंजना शर्मा, ममता गोस्वामी, दुर्गा, आदित्य शर्मा, प्रतिभा शर्मा, अंकिता चोटिया, सुमित्रा गोस्वामी, दिवाकर शर्मा, विजय शर्मा, तानिया पिथिसरीया, कुसुम शर्मा, सुशीला शर्मा, खुशी, काजल शर्मा, दीक्षा चनानी, निशा शर्मा, मीनू जांगिड़, लक्ष्मीनारायण शर्मा, विश्म्भर दयाल, सीता देवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा शर्मा व पंचम शर्मा ने किया गया।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

रतनगढ़(निस)। कस्बे में नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 23 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर पोक्सो कोर्ट चूरू में पेश किया है। पुलिस ने बताया कि रतनगढ़ तहसील के एक गांव की महिला ने 26 अप्रैल को पुलिस में मामला दर्ज करवाया कि रतनगढ़ के गांव गोलसर निवासी 23 वर्षीय इंद्रचंद मेघवाल उसकी 17 वर्षीय 10 माह की पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया। घटना को लेकर पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ। प्रकरण की जांच सीआई दिलीपसिंह ने शुरू की और नाबालिग को दस्तयाब कर उसके बयान दर्ज करवाए गए। बयान में नाबालिग ने दुष्कर्म करने का आरोप लगाया, जिस पर पुलिस ने पोक्सो व दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू की। आरोपी इंद्रचंद को गांव गोलसर से गिरफ्तार कर चूरू के पोक्सो कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## लोन डिफॉल्टर अभियुक्त को 6 माह का कारावास

जयपुर टाइम्स

तारानगर(निस)। तारानगर न्यायालय ने चेक बाउंस के मामले में श्रीराम फाइनेंस तारानगर से लोन डिफॉल्टर अभियुक्त को 6 माह का कारावास की सजा व अर्थदण्ड से दण्डित किया है। श्रीराम फाइनेंस कंपनी के शाखा प्रबंधन प्रवीणसिंह व कलेक्शन मैनेजर नरोत्तम कुमार टेलर ने बताया कि अभियुक्त ने श्रीराम फाइनेंस कंपनी तारानगर से लोन करवाकर ऋण राशि के भुगतान के लिए दिए गए चेक अनादरण मामले में अभियुक्त शंकर लाल पुत्र अमीचंद मुहाल निवासी मानपुरा को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नोहर ने 6 माह का साधारण कारावास और रुपए 3 लाख 60 हजार के अर्थदंड से दंडित किया जाने का आदेश दिया। कंपनी के अधिवक्ता मांगेराम नैण ने बताया कि अभियुक्त शंकर लाल ने अपने वाहन पर लोन लिया और ऋण राशि का भुगतान नहीं किया फिर ऋण खाता डिफॉल्ट होने के बाद सेटलमेंट के लिए एक चेक जारी किया जिसमें अपर्याप्त राशि होने के कारण चेक बाउंस हो गया और प्रकरण नोहर कोर्ट में चला जिसमें परिवादी श्रीराम फाइनेंस कंपनी को सही मानते हुए कोर्ट ने अभियुक्त को 6 माह के कारावास और 3,60000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया जिसमें 3,58000 रुपए परिवादी फाइनेंस कंपनी को प्रतिकर के रूप में जमा करवाने और 2000 रुपए राजकोष में जमा करवाने का आदेश दिया।

## सभापति, आयुक्त सहित 6 के खिलाफ इस्तगासा पेश

जयपुर टाइम्स

सुजानगढ़(नि.सं.)। स्थानीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद सोनी की ओर से सभापति निलोफर गौरी, आयुक्त मघराज डूडी सहित कुल 6 लोगों के खिलाफ इस्तगासा पेश किया गया है। इस्तगासे में राजेंद्र प्रसाद सोनी ने बताया है कि नत्थमल उर्फ नत्थू महाराज निवासी सुजानगढ़ नगरपरिषद की दुकान का किरायेदार है, जो 24 मई 25 से 2 जून 25 तक परिवादी की आंखों के सामने भौतिक परिवर्तन दुकान में करता रहा, जबकि उसके पास कोई वैध स्वीकृति नहीं थी। नगरपरिषद के स्वामित्व की लाडनू बस स्टेंड पर दुकानें मात्र 100 गज की दूरी पर ही स्थित है। लेकिन फिर भी बिना नगरपरिषद की स्वीकृति के दुकान में भौतिक परिवर्तन कर लिया गया। जबकि 26 मई को मेरी ओर से लिखित शिकायत आयुक्त के नाम दी गई थी, जिसकी प्रति सहायक अभियंता चारवी को भी दी गई। इसी प्रकार उपखंड अधिकारी को भी इस बारे में प्रार्थना पत्र दिया गया। जिस पर उपखंड अधिकारी ने नियमानुसार नगरपरिषद को कार्यवाही के लिए लिखा। इस्तगासे में बताया गया है कि राजस्व निरीक्षक मुन्नालाल मीणा ने रिश्वत लेकर उक्त अवैध निर्माण को जारी रहने दिया। मुकदमे में सभापति निलोफर गौरी, आयुक्त मघराज डूडी, सहायक अभियंता चारवी, राजस्व निरीक्षक मुनालाल मीणा, जमादार अनिल कुमार को भी दोषी बताते हुए इन पर अवैध निर्माण को रोककर सीज नहीं किए जाने के आरोप लगाते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 199, 255, 256, 352के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई गई है।

## लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह पुस्तकालय का शुभारम्भ



जयपुर टाइम्स

रतनगढ़(निस)। कस्बे की समीपवर्ती ग्राम पंचायत कुसुमदेसर के अनीता कंवर /पवन सिंह राठौड़ ने नई पहल करते हुए अध्ययनरत विद्यार्थियो के लिए पंचायत भवन में ही पुस्तकालय शुरू कर पंचायत के विद्यार्थियों के लिए अभिनव पहल की। सरपंच अनिता कंवर की ओर से वीर योद्धा लेफ्टिनेट जनरल सगत सिंह की याद में आधुनिक व वातानुकूलित पुस्तकालय का निर्माण करवाया गया जिसका उद्घाटन सोमगिरी महाराज के सानिध्य में किया गया। इस मौके पर भाजपा युवा नेता पवन सिंह राठौड़ उपस्थिति रहे। राठौड़ ने बताया कि आज के समय में घर के माहौल में बच्चे पढ़ नहीं पाते है, जिसके कारण उन्हे रतनगढ़ जाना पढ़ता था। पढ़ने वाले बच्चों के लिए यह एक बेहतरीन अवसर है। पंचायत में पुस्तकालय होने से बच्चों क़ो कही अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा। जनरल साहब के नाम से पुस्तकालय का नामकरण कर उन्हें भी यह एक सच्ची श्रद्धांजलि है। आस पास के गांवों मे यह पहला पुस्तकालय है। इस मौके पर रुक्मानद पूर्व प्रधानाचार्य , सुल्तान सिंह पूर्व प्रधानाचार्य, किशन सिंह, बजरंग लाल, भगवान पीटीआई, रिखाराम, भवानी शकर शर्मा, गिरधारी सिंह, भगवान मेघवाल, ताराचंद प्रजापत सहित कई विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

## 'वंदे गंगा– जल संरक्षण जन अभियान' का शुभारंभ आज

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'वंदे गंगा –जल संरक्षण जन अभियान' का गुरुवार को शुभारंभ किया जाएगा। सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि चूरू जिले के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम अंतर्गत गुरुवार को सवेरे 8.30 बजे ग्राम पंचायत जांदवा के मोलीसर छोटा के भूलाना जोहड़ पर जल पूजन व श्रमदान किया जाएगा। इसी क्रम में सवेरे 10.30 बजे जिला मुख्यालय स्थित नेचर पार्क में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 6 जून को सवेरे 08.30 बजे जिला मुख्यालय स्थित सेठाणी जोहड़ पर जल पूजन, दीप प्रज्वलन व श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए गए है। उन्होंने आमजन से अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर जल संरक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने की अपील की है।

## जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार जिले में बाढ़, अतिवृष्टि की संभावना को देखते हुए सूचना प्राप्त करने व जन साधारण को तत्काल राहत प्रदान करने के लिए 15 जून से चूरू जिला कलक्ट्रेट सहायता शाखा में बाढ़ नियंत्रण कक्ष व ईओसी की स्थापना की गई है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष व ईओसी के टेलीफोन नंबर 01562–251322 व टोल फ्री नंबर 1077 हैं। जिला कलक्टर ने आदेश जारी कर एडीएम अर्पिता सोनी (मोबाइल नंबर 9982767111) को बाढ़ नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अधिकारी व कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी रमेश कुमार रांकावत (मोबाइल नंबर 9413475652) को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। इसी के साथ बाढ़ नियंत्रण कक्ष व ईओसी के सुचारू संचालन हेतु कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। यह नियंत्रण कक्ष राउंड द क्लॉक कार्य करेगा और राजपत्रित अवकाश के दिनों में यथावत चालू रहेगा। इसी के साथ संबंधित कार्मिकों को समुचित निर्देश दिए गए हैं।

## वाल्मीकि समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 10 को



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)** शहर के वार्ड संख्या 40 स्थित वाल्मीकि समाज धर्मशाला में बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। शुभकरण पंवार की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 जून की शाम छह बजे वाल्मीकि समाज का तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर सत्यपाल बौद्ध, पूर्व पार्षद लालचंद पंवार, रमेश लोहिया, नवरतन लोहिया, अजयकुमार पंवार, मनीष पंवार, गौरीशंकर पंवार, हरिप्रसाद पंवार, परमानंद लोहिया, पायल पंवार, सुरेश घारू, विष्णु पंवार, रोहित बुद्धप्रिय सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## जल संस्कृति की दिशा में 'वंदे गंगा' जल संरक्षण- जन अभियान

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में जल व पर्यावरण संवर्द्धन की दिशा में सशक्त कदम

### प्रदेश सरकार का जल संरचनाओं के संरक्षण-संवर्द्धन के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में जल संरचनाओं के संरक्षण व संवर्द्धन और जल संरक्षण के साथ जल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में अभूतपूर्व निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार के इस नीतिगत निर्णय अंतर्गत सम्पूर्ण प्रदेश में 5 जून से 20 जून तक 'वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान' चलाया जाएगा। अभियान अंतर्गत विस्तृत रूपरेखा निर्धारित की जाकर क्रियान्वयन किया जा रहा है।

### गंगा दशमी से शुभारंभ

सम्पूर्ण प्रदेश में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगादशमी के अवसर पर प्रदेशव्यापी 'वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान' का शुभारंभ होगा। अभियान के दौरान जल स्रोतों, नदियों, जलधाराओं व तालाबों पर जल पूजन, कलश यात्रा, जागरुकता कार्यक्रम व स्वच्छता अभियान, जल संग्रहण संरचनाओं का लोकार्पण और नई संरचनाओं के शिलान्यास जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दूरगामी सोच

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की इस मुहित के पीछे जल संरक्षण को जल आंदोलन बनाया जाकर जल संस्कृति का दूरगामी सोच है। मुख्यमंत्री शर्मा की मंशा है कि हर गांव और हर व्यक्ति को अभियान से जोड़ते हुए इसे जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाए। यह अभियान 'मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान', 'जल शक्ति अभियान-जन सहभागिता जन भागीदारी', 'हरियालो राजस्थान', 'कर्म भूमि से मातृ भूमि' आदि अभियानों को और अधिक जनकेन्द्रित बनाएगा। इसमें भामाशाह, जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाएं, कार्मिक और आमजन मिलकर सहभागिता करेंगे।

# कीचड़ से परेशान व्यापारियों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

### आयुक्त का पद खाली, जनता हो रही परेशान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय सिंधी मंदिर के पीछे से गांधी चौक व मुख्य बाजारों की ओर जाने वाली सड़क को व्यापारियों ने कीचड़ की समस्या के चलते जाम कर दिया और नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। दरअसल नाला सफाई का कार्य चल रहा है इसी दौरान बारिश हो गई, जिससे कीचड़ सड़क पर ही पड़ा रह गया। कीचड़ के कारण व्यापारी दो दिनों से अपनी दुकानें नहीं खोल पा रहे हैं। व्यापारियों ने नगर परिषद पर जानबूझकर इस बार नाला सफाई का ठेका देरी से करने का आरोप लगाया। पार्षद इकबाल खान कायमखानी ने बताया कि बारिश से एक महीने पहले ही नगरपरिषद को लिखित में प्रार्थना पत्र देकर समय पर नालों की सफाई का निवेदन किया था, लेकिन समय पर नाला सफाई पूरी नहीं की गई, जिसका खामियाजा व्यापारियों और आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। इकबाल खां कायमखानी ने बताया कि पुलिस अपनी खुनस निकालने के लिए नगरपरिषद वालों को लेकर आ जाती है और बाजारों में अतिक्रमण हटाने के नाम पर लोगों के ठेले और बाईक्स ट्रेक्टर में डलवाकर ले जाती है। लेकिन पुलिस बाजारों का कीचड़ साफ क्यों नहीं करवाती। उन्होंने कहा कि पुलिस और नगरपरिषद दोनों जनता को परेशान करने का काम कर रहे हैं। दुकानदार अरविंद विश्वेंद्रा ने बताया कि नगरपरिषद के आयुक्त जन समस्याओं को गम्भीरता से नहीं लेते, क्योंकि यहां आयुक्त का पद खाली पड़ा है और सरदारशहर आयुक्त के पास चार्ज है, जो सप्ताह में मात्र एक ही दिन आते हैं, ऐसे में दो लाख की आबादी वाला कस्बा किसके भरोसे है। रिजवान कूकड़ा सहित अनेक लोगों ने बताया कि बाजारों में व्यापारियों को परेशान करने के लिए नगरपरिषद नोटिस रोज भेजती है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर जनता को कुछ नहीं दिया जा रहा और तो और नालों का कीचड़ भी समय पर नहीं निकाला जाता। करीब 12 बजे के लगभग सड़क जाम कर दिया गया, लेकिन दो घंटे तक प्रशासन की कोई आदमी नहीं पहुंचा। जिसके चलते व्यापारी और आक्रोशित हो गए और बाकी बची दुकानें भी बंद करके धरने पर बैठ गए। जिसके बाद कोतवाली पुलिस थाने के एएसआई कुशलाराम, हैड कांस्टेबल जगदीश जाखड़ मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से समझाईश की, लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने। इस दौरान नगरपरिषद के सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल ने लोगों से समझाईश की, जिस पर प्रदर्शनकरियों ने लिखित में शर्तें मानने की बात कही। जिस पर ऑन द स्पोट कार्यवाहक एसआई मुनालाल मीणा का चार्ज वापस लेकर ओमप्रकाश स्वामी को दिए जाने, नाले की सफाई का कार्य दुबारा करवाए जाने, सफाई कार्य के दौरान ही ट्रेक्टर में पन्नी लगाकर कीचड़ तुरंत उठाने, नाला सफाई में विलम्ब के दोषियों पर कार्यवाही किए जाने, वर्तमान में पड़े कीचड़ को तुरंत उठाए जाने पर सहमति बनी। इसके बाद शाम करीब पौने चार बजे रास्ता खोला गया और मौके पर सफाई का कार्य भी शुरू किया गया। प्रदर्शन के दौरान राजू छींपा, महेश खंडेलवाल, वीर सामरिया, दीपक, मुकेश खटीक, जेपी प्रजापत, पवन, शंकर, आरिफ भाटी, सद्दाम छींपा, नंदलाल प्रजापत, विनय सोनी, मुनान बिसायती, भरत, गोपाल, इकबाल खान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण से ही संतुलित जीवन संभवः सुराणा

## रन फॉर इनवायरनमेंट को जिला कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी



### विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में जिला मुख्यालय पर नेचर पार्क में हुई रन फॉर इनवायरनमेंट

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में बुधवार सवेरे जिला मुख्यालय स्थित नेचर पार्क में रन फॉर इनवायरनमेंट आयोजित की गई। जिला कलक्टर सुराणा ने रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सुराणा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण से ही संतुलित जीवन संभव है। हमें प्रकृति व प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, संवर्द्धन के लिए समर्पित प्रयास करने होंगे। हमारी प्राकृतिक विविधताओं को हमें दैनिक जीवन की गतिविधियों से जोड़ते हुए उनके संरक्षण के लिए संकल्पित रहना होगा। उन्होंने कहा कि मानवता के संरक्षण के लिए हमें पर्यावरण व प्राकृतिक संसाधनों से आत्मीय जुड़ाव रखना होगा तथा अपनी दैनिक गतिविधियों में पर्यावरण संरक्षण को शामिल करना होगा। हम प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने, पानी का नल अनावश्यक खुला नहीं छोड़ने, हानिकारक गैसों के न्यूनतम उपयोग, जल संरक्षण के लिए जल संरचनाओं का संवर्द्धन व रख–रखाव, भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए प्रयास करने जैसी छोटी –छोटी आदतों से पर्यावरण के प्रति अपनी कृतज्ञता का निर्वहन कर सकते हैं। डीसीएफ वीरेन्द्र सिंह कृष्णिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हमें एक समन्वित सोच विकसित करनी होगी। हम सभी को पर्यावरण के प्रति अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करना होगा। पर्यावरण संरक्षण हमारे अस्तित्व के लिए सबसे मजबूत आधार है। रन फॉर इनवायरनमेंट नेचर पार्क के मुख्य द्वार से शुरू होकर फाउंटेन, आपणी ढ़ाणी, ओपन थिएटर, वॉच टावर आदि से होते हुए वापस मुख्य द्वार पहुंची। रन में आरव प्रथम, प्रिशा द्वितीय व देवांश तृतीय स्थान पर रहे। डीसीएफ वीरेन्द्र कृष्णिया व रेंजर पवन शर्मा ने विजेताओं को पौधे व पारितोषिक भेंट किए। इस दौरान सीपी शर्मा, दीनदयाल सैनी, मुकुल भाटी, नाका प्रभारी कृष्णा सहू, समुद्र सिंह, महानरेगा लोकपाल लालचंद, गजेन्द्र सिंह, सलमा, संजू, बाबू खान, मुस्ताक खान, श्रवण सिंह सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे।

## सरदारशहर में मूसलाधार बारिश से निचले इलाकों में भरा पानी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील क्षेत्र में बुधवार सुबह शुरू हुई बारिश रुक-रुक कर जारी है। अच्छी बारिश के चलते किसान खेतों की ओर रवाना हुए तो वहीं व्यापारियों के लिए यह बारिश एक बार फिर मुसीबत बनकर आई है। क्योंकि पानी भरने के चलते मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, शिव मार्केट सहित शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया। आथुना बाजार से घंटाघर के बीच आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। जिसके चलते व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों तक नहीं पहुंच पाए और बाजार पूर्णतया बंद नजर आया। इसी तरह सब्जी मंडी, शिव मार्केट में भी 2 से 3 फीट तक पानी भर गया। जिसके चलते वाहन चालक लंबी दूरी तय कर अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचते हुए नजर आए। वहीं पैदल राहगीरों को भी लंबी दूरी का सफर तय करना पड़ा और काफी पैदल राहगीर इसी पानी के बीच से गुजरते हुए नजर आए। सरदारशहर की बसावट प्यालेनुमा होने के कारण जब बारिश आती है तो निचले इलाके पूरी तरह से जलमग्न हो जाते हैं। जिसके कारण वाहन चालकों और पैदल राहगीर परेशानियों का सामना करते हुए नजर आते हैं। वहीं अच्छी बारिश के चलते किसानों के चेहरे पर खुशी है तो आमजन को प्रचंड गर्मी से भी भारी राहत मिली है। किसान बारिश होते ही खेतों की ओर अग्रसर हुए और किसानों ने बताया कि वर्तमान समय में बाजरा बुवाई का अच्छा समय है। अगर समय समय पर बारिश होती है तो किसानों की फसलों को चार चांद लग जाएंगे। वहीं नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी ने बताया कि पानी निकासी को लेकर नगर परिषद पूरी तरह से अलर्ट है और पानी निकासी का कार्य शुरू कर दिया गया है।

### 1 जुलाई से शुरू होगा सर्वोदय छात्रावास

## पूर्व मंत्री रिणवां और समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने लिया छात्रावास निर्माण का जायजा

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के वार्ड 18 स्थित बापा सेवा सदन स्कूल व सर्वोदय छात्रावास का पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ छात्रावास में हो रहें जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लिया। स्कूल भवन का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर रिणवां सहित अधिकारियों ने हॉस्टल में हो रहें जीर्णोद्धार कार्य की गुणवत्ता की भी जाँच कर संबंधित ठेकेदार को जल्द कार्य पूर्ण करने के दिशा-निर्देश दिए। सर्वोदय छात्रावास में जाने के लिए रास्ते की समस्या के लिए को लेकर मौका निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने हॉस्टल की दिवार से वाया सत्तू कॉलोनी होकर बीकानेर रोड़ तक रास्ते को लेकर सुझाव दिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने कहा कि बापा सेवा सदन एक गौरवशाली संस्था है। जिसमें हजारों विद्यार्थी पढ़कर बहुत ऊंचे-ऊँचे पदों पर पहुंचे है। हॉस्टल के लिए मैंने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और समाज कल्याण विभाग मंत्री से मुलाकात कर 42 लाख रूपए जीर्णोद्धार कार्य के लिए स्वीकृत करवाए है। 1 जुलाई से सर्वोदय छात्रावास 25 बालिकाओं की स्वीकृति के साथ पुनः शुरू होने जा रहा है। जिससे बालिकाओं को रहने की सुविधा मुहैया हो सकेगी। रिणवां ने बापा सेवा सदन स्कूल के लिए कहा कि मैंने विद्यालय की यथास्थिति देखी है। जल्द ही संबंधित मंत्रियों से मिलकर इसमें आवासीय विद्यालय या महात्मा गाँधी अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम स्कूल पुनः संचालित हो इसके लिए पूर्णतया प्रयासरत हूँ। समाज कल्याण विभाग के डिप्टी डायरेक्टर नगेंद्र सिंह ने कहा कि जून माह में निर्माण कार्य पूर्ण होते ही 1 जुलाई से 25 छात्राओं के लिए छात्रावास शुरू हो जाएगा। उसके बाद अगर आवश्यकता लगी तो ओर सीटें बढ़ाई जा सकेगी। इस अवसर पर युवा मोर्चा महामंत्री गुरु धानका ने कहा की छात्रावास के पुनः शुरू होने से मोहल्लेवासियों व ग्रामवासियों को एक नई सौगात मिलेगी। धानका ने कहा की छात्रावास के शुरू होने से बापा सेवा सदन के पुनः शुरू होने की उम्मीद और विश्वास अब ओर अधिक बढ़ गया है। हमें पूरा विश्वास है की भाजपा के सुशासन में आगामी बजट में बापा सेवा सदन भी पुनः शुरू होगी। इस दौरान भाजपा नेता सौरव रिणवां, अजा मोर्चा उपाध्यक्ष निरंजन धानका, नगर मंत्री एलडी दानोदिया, शिक्षक किशोर भारद्वाज, रामस्वरूप नायक सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

## वंदे गंगा- जल संरक्षण जन अभियान में जनसहभागिता से हो अच्छे कार्यः सावंत

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व भूजल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव व जिला प्रभारी सचिव भास्कर ए सावंत ने बुधवार को डीओआईटी वीसी सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए। प्रभारी सचिव भास्कर ए सावंत ने कहा कि 'वंदे गंगा– जल संरक्षण जन अभियान' में जनसहभागिता से अच्छे कार्य हो। जल संरक्षण गतिविधियों में आमजन का समुचित सहयोग लिया जाए। जल संरक्षण संरचनाओं की मरम्मत व मेंटेनेंस करते हुए भूजल स्तर को बढ़ाने और जल संरक्षण गतिविधियों को बढ़ाने की दिशा में अच्छे कार्य करें। उन्होंने कहा कि गत वर्ष वृक्षारोपण महा अभियान अंतर्गत किए गए पौधरोपण में पौधों के सर्वाइवल का सर्वे किया जाए और सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण अपनी फील्ड स्तरीय मशीनरी से सर्वे करवाते हुए पौधों के सर्वाइवल के लिए प्रयास करें। इस वर्ष भी अधिकाधिक पौधरोपण करते हुए उनके समुचित सर्वाइवल के लिए आवश्यक रूपरेखा निर्धारित कर काम करें। सावंत ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालय में वर्षा जल संचय के लिए बनाई गई संरचनाओं की मरम्मत व रख–रखाव सुनिश्चित करें ताकि बरसात के पानी का समुचित व सही उपयोग हो सके। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिले में मियावाकी पौधरोपण विधि के विकास पर कार्य करें और संबंधित योजना अंतर्गत संसाधनों का समुचित उपयोग लेते हुए मियावाकी पौधरोपण को विकसित करें। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज व अन्य स्कूल, कॉलेजों में वीसी के माध्यम से शिक्षण पद्धति को विकसित किए जाने के प्रयास करें।

## नाला अधूरा छोड़ने से नगरपरिषद के खिलाफ व्यापारियों का विरोध प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर के अर्जुन क्लब के पास नगर परिषद की ओर से अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने का कार्य शुरू किया गया था। जिसको लेकर नगर परिषद की ओर से सड़क के दोनों तरफ नाला निर्माण का कार्य किया जा रहा था। बुधवार को बरसात आने के कारण दुकानों के आगे पानी का भराव होने से व्यापारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं पानी भराव की स्थिति के कारण दुकानों के आगे बड़े-बड़े गड्ढे होने से अंडरग्राउंड दुकानों में पानी घुस गया?। जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। व्यापारियों ने नगर परिषद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए नाला निर्माण बीच में छोड़ने का विरोध जताया। सूचना पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र राजवी ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया और बताया कि नगर परिषद की ओर से लापरवाही बरतने के कारण व्यापारियों को नुकसान का सामना करना पड़ा है। नगर परिषद को एक साइड अतिक्रमण हटाकर नाला निर्माण का कार्य पूरा करना चाहिए था। लेकिन सभापति की हठधर्मिता के कारण दोनों तरफ का नगर परिषद की ओर से अतिक्रमण हटाया गया। लेकिन कोई व्यवस्था सही नहीं करने के कारण व्यापारियों को बरसात के कारण नुकसान का सामना करना पड़ा है। दुकानों के आगे पानी का भराव होने से व्यापारी परेशान है। वहीं कुछ दुकानदारों के अंडरग्राउंड दुकान के अंदर पानी भर जाने से उनको भारी नुकसान हुआ है। हमारी मांग है कि जो व्यापारियों को नुकसान हुआ है उसका जिम्मेदार कौन है। वहीं नगर परिषद आयुक्त व एसडीएम को मौके पर आकर स्थिति का जायजा लेना चाहिए। लेकिन अतिक्रमण के नाम पर नगर परिषद की ओर से व्यापारियों को परेशान किया गया। दुकानदार शिवदयाल पारीक ने बताया कि नगर परिषद की ओर से अतिक्रमण हटाकर सही तरीके से काम नहीं किया गया। अतिक्रमण नगर परिषद की ओर हटाया गया तो हम भी खुश हुए कि सड़कों की चौड़ाई बढ़ने से आमजन को फायदा मिलेगा। लेकिन दुकानदारों का नुकसान कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर परिषद को सही कार्य करना चाहिए था। नगर परिषद की लापरवाही के कारण व्यापारियों को नुकसान का सामना करना पड़ा है। आगे भी मानसून की बरसात अगर जोरदार होगी तो व्यापारियों की दुकान गिरने की कगार पर आ जाएगी। नगर परिषद को चाहिए कि सुव्यवस्थित तरीके से सड़क पर नाला निर्माण करना चाहिए। लेकिन सभापति की हठधर्मिता के कारण पुरी सड़क को तोड़कर छोड़ दिया। लेकिन किसी भी अधिकारी का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है जिससे व्यापारियों में आक्रोश है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।